तापमान

अधिकतम 30.7 डिग्री

न्यूनतम 12.5 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, रविवार 18 जनवरी 2026


### परिजनों को एक घंटे के बाद मिली जानकारी

रिया के नहीं मिलने पर परिजनों ने उसकी पतासाजी की। काफी पतासाजी करने के बाद भी रिया के नहीं मिलने पर उसकी नानी ने रिया के टॉयलेट जाने की जानकारी दी। इसके बाद परिजन रिया की तलाश करते हुए ओपन टॉयलेट में देखने के लिए गए। बच्ची के टॉयलेट के अंदर गिरे होने की ▶▶| शेष पेज 16 पर

## स्कूलों की मान्यता आत्मानंद स्कूलों के दस्तावेज जल गए

### शार्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा, साजिश से भी इंकार नहीं



### बोरी से ढंका हुआ था ओपन टायलेट, पैर रखते ही सीधे अंदर जा गिरी

# ओपन टॉयलेट में गिरने से पांच साल की मासूम की मौत, सफाई के लिए खुलवाया था मालिक ने, मौसी की गोदभराई में आई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी थाना क्षेत्र में ओपन टॉयलेट में गिरने से एक पांच साल की मासूम की मौत हो गई। बताया जा रहा है, मासूम अपनी नानी के साथ टॉयलेट करने गई थी। इस दौरान मासूम खुले टॉयलेट के अंदर दौड़ते हुए चली गई और बोरी में ढके गड्ढे में पैर पड़ने से मासूम की टॉयलेट के अंदर गिरने से मौत हो गई। घटना शनिवार दोपहर एक बजे की है।

गोबरा नवापारा, कुर्रा पटेवा निवासी एलन महिलांग की बेटी रिया (5) की खुले टॉयलेट में गिरने से मौत हुई है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक रिया अपनी मां साधना के साथ अपनी मौसी की गोद भराई के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आई थी। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि मूलतः बलौदाबाजार निवासी कमलेश धृतलहरे जो एलन का साढ़ू है, कमलेश पंडरी में शीतला मंदिर के पास सतनामीपारा में जीवन लाल कुर्रे के ▶▶| शेष पेज 16 पर

### सफाई कराने टॉयलेट खुलवाया था

टॉयलेट जाम होने की वजह से जीवन ने सफाई करवाने टॉयलेट को खुलवाया है। जहां टॉयलेट खुलवाया है, वहीं एक और सार्वजनिक टॉयलेट है। टॉयलेट लगने पर रिया अपनी नानी के साथ टॉयलेट करने गई। जानकारी नहीं होने पर रिया ओपन टॉयलेट के अंदर घुस गई और बोरी में ढके गड्ढे के अंदर गिर गई।

घटना पंडरी थाना क्षेत्र की



### दो घटना में तीन बच्चों की हो चुकी है मौत

*वर्ष 2024 नवंबर में तथा अप्रैल 2025 में इस तरह की दो घटनाओं में तीन बच्चों की मौत हुई थी। पहली घटना 11 नवंबर 2024 को हुई थी, जिसमें रायपुर के सरकारी स्कूल के पास 2 बच्चे जो रिश्ते में मौसेरे भाई सत्यम (8) तथा आलोक (7) खेलते-खेलते सड़क किनारे बने पानी से भरे गड्ढे में गिर गए। गड्ढे की गहराई ज्यादा होने के कारण वे बाहर नहीं निकल पाए और डूबने से उनकी मौत हो गई। एक अन्य घटना में 13 अप्रैल 2025 को ईडब्ल्यूएस कॉलोनी गुलमोहर पार्क, रामनगर में हुई थी। निगम की ओर से खोदे गए गड्ढे में 3 बच्चे गिर गए थे। इसमें से एक बच्चे की मौत हो गई थी, जबकि* ▶▶| शेष पेज 16 पर

# डीईओ दफ्तर में 'संदेह' की आग, मध्यान्ह भोजन, अनुकंपा नियुक्ति की फाइलें खाक, घंटेभर मशक्कत के बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला शिक्षा कार्यालय की पुरानी बिल्डिंग में शनिवार रात साढ़े नौ बजे भयानक आग लग गई। जहां आग लगी, वह रिकार्ड रूम बताया जा रहा है। रिकार्ड रूम में स्कूलों की मान्यता से लेकर मध्यान्ह भोजन, अनुकंपा नियुक्ति, शिकायत संबंधित कागज और शिक्षकों के सर्विस रिकार्ड रखे हुए थे। आग इतनी भयानक थी कि घंटेभर में अधिकांश दस्तावेज जलकर खाक हो गए, वहीं सर्विस रिकार्ड के दस्तावेज सुरक्षित बच जाने की बात कही जा रही है। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। जांच के बाद स्पष्ट हो सकता है कि आग लगी है या लगाई गई है। दफ्तर के पास सड़क पर लोगों की आवाजाही रहती है। लोगों ने आग लगी देखी तो ▶▶| शेष पेज 16 पर




### आग इतनी भयंकर कि नई बिल्डिंग की दीवार तोड़नी पड़ी

रिकार्ड रूम में कागज के दस्तावेज होने की वजह से आग तेजी से फैल गई और पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम को आग बुझाने नई बिल्डिंग के पास जाना पड़ा। नई बिल्डिंग की बाउंड्री तोड़कर फायर ब्रिगेड की टीम ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मौके पर अफसर भी पहुंचे, लेकिन वे आंखों के सामने दस्तावेजों को जलते देखते रहे। आग इतनी तेज थी कि कोई कुछ नहीं कर सका।

## 10 हजार से अधिक शिक्षकों की सेवा पुस्तिका 952 निजी स्कूलों के मान्यता के कागजात खाक

शुक्रवार देर रात जिला शिक्षा कार्यालय में लगी आग में जिले के दस हजार से अधिक सेवारत तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवा पुस्तिका भी जलकर खाक हो गई। जल चुके दस्तावेजों में इन्हें सबसे अहम माना जा रहा है। इन सेवा पुस्तिकाओं के आधार पर ही शिक्षकों के पेंशन, पदोन्नति, मासिक वेतन सहित नौकरी संबंधित समस्त कार्यों का निर्धारण होता है। इन्हें फिर से तैयार करने में एक साल से अधिक का समय लग सकता है। सेवा पुस्तिका जलने के कारण पेंशन, वेतन सहित अन्य वित्तीय कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि शिक्षा विभाग के अधिकारियों का दावा है कि सेवा पुस्तिका से संबंधित दस्तावेज सुरक्षित हैं। इसके अलावा जिले के सभी निजी स्कूलों के मान्यता संबंधित कागजात भी आग के हवाले हो गए हैं।। प्रदेश में 952 निजी स्कूल हैं। इन स्कूलों ▶▶| शेष पेज 16 पर

हरिभूमि तत्काल

### भंडार कक्ष में आग

*जिन कमरों में आग लगी है, उनमें भंडार कक्ष भी है। आग के कारणों की जांच जारी है। कितना नुकसान हुआ है, यह आकलन के बाद ही बता पाएंगे।*

*- हिमांशु भारतीय*
*जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर*

### मूल प्रति स्कूलों के पास

*मान्यता प्राप्त करने के लिए जो कागजात जमा किए जाते हैं, उसकी मूल प्रति स्कूलों के पास होती है। मान्यता लेते समय एफडी के कागज जमा किए जाते हैं। इसकी मूल प्रति प्राप्त करना कठिन है।*

*- राजीव गुप्ता*
*अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ*

## खबर संक्षेप

### 3 तस्करों से 3000 नशीली गोलियां और कार जब्त



**रायपुर।** गंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक्सप्रेस-वे रोड के पास पंप हाउस के सामने क्विड कार को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी लेने पर कार में तीन लोग सवार थे। इनमें प्रवीण बघेल 23 वर्ष निवासी न्यू शांति नगर, भावेश खटवानी 32 वर्ष निवासी लोधीपारा एवं राज दास 24 वर्ष निवासी न्यू शांति नगर चांदनी चौक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 300 स्ट्रिप्स एवं मोबाइल जब्त किया। नशीली गोलियां, वाहन एवं अन्य सामग्री की कुल जुमला कीमत लगभग 4 लाख रुपए आंकी गई है। सभी आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।



## मैं भी नाचूं मनाऊं..

**रायपुर।** कौन मेरा..., मैं भी नाचूं मनाऊं... और न आए हो न आओगे... जैसे सुपरहिट गानों की गूंज ने शनिवार की रात रायपुरियंस के लिए यादगार बना दी। आमोया गार्डन में आयोजित लाइव कॉन्सर्ट में मशहूर सिंगर पापोन ने अपनी रूहानी आवाज का ऐसा जादू चलाया कि वहां मौजूद हर शख्स मंत्रमुग्ध हो गया। पापोन ने न सिर्फ अपने बॉलीवुड हिट्स से समां बांधा, बल्कि लता मंगेशकर और किशोर कुमार के सदाबहार नगमों की प्रस्तुति देकर सभी वर्गों का दिल जीत लिया। देर रात तक चले इस कॉन्सर्ट में युवाओं की भारी भीड़ उमड़ी रही, जो पापोन के हर सुर पर थिरकती नजर आई।



### आधा दर्जन बदमाशों के पकड़े जाने का यह पहला मामला

### रांची में वारदात करने पहुंचे थे, चोरी करने के लिए बाइक तलाश रहे थे इस दौरान पुलिस ने आरोपियों को दबोचा

# घूम घूमकर उठाईगिरी करने वाले त्रिची गिरोह के आधा दर्जन अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश में घूम-घूमकर उठाईगिरी करने वाला तामिलनाडु, तिरुच्चिराप्पल्ली (त्रिची) गिरोह के एक साथ छह बदमाशों को क्राइम ब्रांच की टीम झारखंड, रांची से गिरफ्तार कर रायपुर लाई है। गिरोह में शामिल शातिरों ने देवेंद्र नगर तथा गंज थाना क्षेत्र में दो उठाईगिरी की घटना को अंजाम दिया था। बदमाश घटना को अंजाम देने के बाद बस से दुर्ग फरार हुए, इसके बाद डब्लूटी ट्रेन से फरार हुए थे। त्रिची गिरोह के एक साथ छह बदमाशों को दबोचे जाने का देश में यह पहला मामला है। इसके पूर्व भी गिरोह के सदस्य छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में पकड़े गए हैं, लेकिन उनकी संख्या एक दो की रहती थी। गिरोह में शामिल शातिर पुलिस को चकमा देकर फरार होने में माहिर होते हैं।

एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने त्रिची गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि उठाईगिरी करने के आरोप में किट्टू, ए. विनोद कुमार, बाला मुरूगन, कुमरेशन डी., स्कर के. तथा रंगन ए. को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शातिरों के गिरोह को रामजी नगर गिरोह के नाम से भी जाना जाता है। ▶▶| शेष पेज 16 पर



### पुलिस ने ऐसे ट्रेस किया गिरोह को

एक ही दिन में कार का शीशा तोड़ कर दो उठाईगिरी की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के साथ शहर के व्यस्त बाजारों के साथ बस टर्मिनल, रेलवे स्टेशन के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की। इस दौरान पुलिस को रेलवे ट्रैक के किनारे आधा दर्जन संदिग्धों के फूटेज मिले। रायपुर के साथ दुर्ग, डोंगरगढ़, गोंदिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर पुलिस को संदिग्धों के फूटेज मिले। इसके बाद पुलिस को बदमाशों के रांची में होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस की आधा दर्जन की टीम गठित कर रांची रवना किया।



### रांची के पर्यटक स्थल पर दबोचे गए

*त्रिची गिरोह के बदमाश रांची पहुंचने के बाद वहां के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल धुर्वा डैम पहुंचे। वहां शातिर एक पार्किंग में उठाईगिरी करने के लिए बाइक चोरी करने की फिराक में घूम रहे थे। इसी बीच पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर सभी बदमाशों को दबोच लिया। मौके का फायदा उठाकर एक बदमाश पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहा।*

### त्रिची पहुंचने के बाद पकड़ना मुश्किल

*आईडेंटीफाई बदमाश त्रिची पहुंच जाते, इसके बाद उन्हें पकड़ना मुश्किल था। शातिर तिरुच्चिराप्पल्ली के जिस इलाके में रहते हैं, उस पूरे क्षेत्र में अलग-अलग उठाईगिरी करने वालों का गिरोह रहता है। पुलिस के आने पर शातिर अलर्ट हो जाते हैं। पुलिस के आने पर महिलाएं पुरुषों को भगा देती हैं। साथ ही जरूरत पड़ने पर पुलिस पर हमला तक कर देती हैं।*




## खबर संक्षेप



### नितिन नबीन से मिले नरेश गुप्ता

**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से दिल्ली प्रवास के दौरान भाजपा के पूर्व कार्यालय प्रभारी नरेश गुप्ता ने मुलाकात की। श्री नबीन को श्री गुप्ता ने कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।

### बस्तर पंडुम अब 6 से 8 फरवरी तक

**रायपुर।** बस्तर पंडुम के संभाग स्तरीय आयोजन की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत अब इसका आयोजन 6-8 फरवरी तक संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में होगा, जहां जिला स्तर पर बस्तर पंडुम के अंतर्गत आयोजित 12 विधाओं के विजेता दल एवं कलाकार शामिल होंगे। बस्तर पंडुम में बस्तर संभाग के सभी सात जिले बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, कांकेर, कोण्डागांव एवं नारायणपुर के कलाकार भाग ले रहे हैं।

### भाजपा महिला मोर्चा ने मप्र के विधायक पर एफआईआर दर्ज करने सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की रायपुर शहर जिला अध्यक्ष कृतिका जैन के नेतृत्व में शनिवार को प्रदेश प्रवक्ता डॉ किरण बघेल, शताब्दी पांडे व महिला मोर्चा की पूरी टीम ने मप्र के कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के महिलाओं को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान को लेकर एसपी ऑफिस कलेक्टोरेट में शिकायत दर्ज कराई। ज्ञापन में कहा, अजा-अजजा एवं पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए अश्लील टिप्पणी कर दतिया (मप्र) के कांग्रेस विधायक बरैया ने समस्त नारी-शक्ति का अपमान किया है। ज्ञापन में बरैया के अजा-अजजा व पिछड़ा वर्ग की महिलाओं व बच्चियों के साथ होने वाले बलात्कार को धर्मग्रंथों से जोड़कर की गई टिप्पणी को अश्लीलता की पराकाष्ठा बताते हुए भाजपा महिला मोर्चा ने कहा, इस तरह की टिप्पणी एक सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है।

**पश्चिम बंगाल भय, दबाव और राजनीतिक हिंसा की प्रयोगशाला**

# संतोष पांडेय बोले- पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार में कोई सुरक्षित नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता और सांसद संतोष पाण्डेय ने एसआईआर प्रक्रिया के दौरान प. बंगाल के 150 जादवपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 110 के बूथ लेवल ऑफिसर अशोक दास की मौत के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा, पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार में कोई सुरक्षित नहीं है। इस घटना ने लोकतंत्र की आत्मा को झकझोर कर रख दिया है। पश्चिम बंगाल की धरती, जो कभी लोकतांत्रिक चेतना और बौद्धिक परंपरा के लिए जानी जाती थी, आज टीएमसी शासनकाल में भय, दबाव और राजनीतिक हिंसा की प्रयोगशाला बना दी गई है।



सवाल यह है कि क्या अब चुनाव ड्यूटी निभाना भी पश्चिम बंगाल में जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। श्री पाण्डेय ने शनिवार को एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, स्व. दास एक ईमानदार सरकारी कर्मचारी थे और टीएमसी नेताओं द्वारा उन पर लगातार ऐसा दबाव बनाया गया कि दास को आत्महत्या जैसा दुर्भाग्यपूर्ण कदम उठाने के लिए विवश होना पड़ा। उन्हें चेतावनी दी गई थी कि अगर उन्होंने वोटर लिस्ट से किसी भी अवैध वोटर को हटाया, तो न सिर्फ उन्हें मार दिया जाएगा, बल्कि उनकी पत्नी और छोटे बच्चे को भी नुकसान पहुंचाया जाएगा। श्री पाण्डेय ने कहा, यह सिर्फ एक आत्महत्या नहीं है, बल्कि यह सत्तारूढ़ दल के दबाव में कुचले गए एक ईमानदार अधिकारी की चुप कराई गई आवाज है।

# पेंशन संबंधी मांग, बैंक रिटायरीज स्टाफ ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय बैंक रिटायरीज़ फेडरेशन (एआईबीआरएफ) रायपुर यूनिट के तत्वावधान में शनिवार को रजबंधा मैदान स्थित बैंक ऑफ इंडिया की मैन ब्रांच के सामने पेंशन संबंधी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया गया, जिसमें विभिन्न बैंकों के देशभर से आए सेवानिवृत्त स्टॉफ सदस्यों ने भाग लिया। सेवानिवृत्त स्टॉफ की मुख्य मांगों में रिजर्व बैंक के मापदंडों के अनुसार पेंशन अपडेशन, ग्रुप इंश्योरेंस पर जीरो जीएसटी, एक्स-ग्रेसिया राशि की पुनर्समीक्षा, भारतीय बैंक संघ (आईबीए) से सीधे बातचीत का अधिकार शामिल है। प्रदर्शन के बाद वित्त मंत्री, भारत सरकार निर्मला सीतारमण को एक ज्ञापन भेजा गया, जिसमें सेवानिवृत्त बैंक स्टाफ की पेंशन संबंधी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का अनुरोध किया गया।

प्रदर्शन में एआईबीआरएफ के अखिल भारतीय महासचिव एससी जैन, सेंट्रल बैंक रिटायरीज़ एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएम देशपांडे, मुंबई के अशोक पाटिल, अहमदाबाद के केलकर, चेन्नई के राधाकृष्णन, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के महासचिव शरद व्यास ने संबोधित किया। इस अवसर पर रायपुर यूनिट के सुरेश सरवैया, संयोजक जीके श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष बीडी खेलवानी, कोषाध्यक्ष आरपी शर्मा भी उपस्थित थे।

**नए सत्र में प्रदेश में 20 हजार पंप लगाने का केंद्र सरकार को भेजा गया प्रस्ताव**

# अब पीएम कुसुम योजना में लगेंगे सोलर कृषि पंप, सौर सुजला योजना होगी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के किसानों को कृषि के लिए सोलर पंप लगाने की भाजपा सरकार में 2016 में प्रारंभ की गई सौर सुजला योजना अब बंद होगी। इसके स्थान पर अब केंद्र सरकार की पीएम कुसुम योजना में किसानों को सोलर पंप लगाकर दिए जाएंगे। इसके लिए क्रेडा ने प्रदेश सरकार के माध्यम से नए सत्र के लिए केंद्र सरकार के पास प्रदेश के किसानों के खेतों में प्रधानमंत्री कुसुम योजना में 20 हजार पंप लगाने का प्रस्ताव भेजा है। वहां से प्रस्ताव की मंजूरी के बाद क्रेडा खेतों में पंप लगाने का काम नए सत्र अप्रैल से प्रारंभ करेगा। प्रदेश में अब तक एक लाख साठ हजार सोलर पंप लग चुके हैं। अंतिम साल में योजना को बंद करने के कारण महज सात हजार पंप लग पाएंगे।



प्रदेश में किसान खेती के लिए कृषि पंप लगाने का काम करते हैं। ज्यादातर कृषि पंप तो बिजली से चलने वाले लगाए जाते हैं। लेकिन प्रदेश में कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर बिजली की सुविधा न होने पर या किसानों के खेतों के पास बिजली के ट्रांसफार्मर और खंभे न होने के कारण कृषि पंप लगाने के लिए करीब दस साल पहले प्रदेश में भाजपा की रमन सरकार के समय सौर सुजला योजना राज्य स्थापना दिवस पर एक नवंबर 2016 को प्रारंभ की गई थी। तब सौर सुजला योजना के माध्यम से सोलर कृषि पंप लगाने का काम किया गया। उसी समय प्रदेश में बहुत ज्यादा सोलर कृषि पंप लगाए गए।

### हर साल लगे 20 हजार पंप

राज्य सरकार ने चूंकि इस योजना का प्रारंभ एक नवंबर 2016 को किया था, इसलिए पहले साल 2016-17 में महज 12 हजार सोलर पंप किसानों के खेतों में लगाए गए। इसके बाद से हर साल प्रदेश सरकार ने 20 हजार के आस-पास सोलर पंप लगाने का काम किया। 2025-26 के लिए भी वैसे तो 20 हजार सोलर पंप लगाने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन इस बीच फैसला किया गया कि अब केंद्र सरकार की पीएम कुसुम योजना में ही कृषि के लिए सोलर पंप लगाने का काम होगा, इसलिए राज्य सरकार की योजना में महज सात हजार पंप ही लग सकेंगे।

### अब केंद्र सरकार की योजना में लगेंगे

अब किसानों को सोलर पंप केंद्र सरकार की पीएम कुसुम योजना में लगाकर दिए जाएंगे। इसके लिए केंद्र सरकार के पास 20 हजार पंप लगाने का प्रस्ताव भेजा गया है। वहां से मंजूरी मिलने पर पंप लगाए जाएंगे। इस योजना में भी किसानों को सब्सिडी मिलेगी। लेकिन अभी तय नहीं है कि इसमें सब्सिडी कितनी मिलेगी। राज्य सरकार की योजना में महज 10 से 20 हजार में पंप लग जाते थे। क्रेडा के अधिकारियों के मुताबिक अब तो सोलर पंप लगाने की लागत कम हो गई है। इस समय तीन एचपी के लिए करीब ढाई लाख और पांच एचपी के लिए तीन लाख दस हजार में लगते हैं। टेंडर के बाद यह लागत और कम हो सकती है।

### केंद्र सरकार को भेजा

नए सत्र में प्रदेश में केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री कुसुम योजना में 20 हजार सोलर पंप लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर केंद्र सरकार को दिया गया है।

**- भूपेंद्र सवन्नी**
अध्यक्ष, क्रेडा

# छत्तीसगढ़ के 'शिमला' मैनपाट में पर्यटन एवं आवास विकास को मिलेगी नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के शिमला के नाम से विख्यात मैनपाट में पर्यटन विकास एवं पर्यटकों की सुविधाओं के विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। सरगुजा (अंबिकापुर) के कलेक्टर द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के आदेश के अनुसार 14 जनवरी के अंतर्गत 4.80 हेक्टेयर (12 एकड़) भूमि अटल विहार योजना के लिए छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को आबंटित की गई है।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस भूमि पर प्राकृतिक वातावरण के अनुरूप सर्वसुविधायुक्त, बहुउपयोगी पर्यटन एवं आवासीय परिसर का निर्माण अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य मैनपाट आने वाले पर्यटकों को गुणवत्तापूर्ण



आवास एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिससे क्षेत्र में पर्यटन तथा आवास को नई गति मिलेगी। उन्होंने आगे बताया कि यह निर्णय मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में, सरगुजा जिले के प्रभारी मंत्री तथा आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल के प्रयासों से हो पाया है। यह पहल मैनपाट में लगातार बढ़ रहे पर्यटकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए की गई है। श्री सिंह देव ने बताया कि, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा मैनपाट में विकसित किया जाने वाला यह परियोजना राज्य में पर्यटन एवं आवास विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी।

### पर्यटन विकास के लिए साबित होगी मील का पत्थर

पर्यटन मंत्री एवं विधायक अंबिकापुर राजेश अग्रवाल ने बताया छत्तीसगढ़ में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार की दिशा में यह एक सराहनीय कदम है। मैनपाट में आधुनिक पर्यटन एवं आवासीय परिसर के निर्माण से पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को मजबूती प्राप्त होगी। यह परियोजना राज्य के पर्यटन विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।" विधायक सीतापुर रामकुमार टोप्पो ने कहा मैनपाट क्षेत्र के लिए यह परियोजना अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। प्राकृतिक वातावरण के अनुरूप विकसित होने वाला यह आवासीय परिसर क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।"

## फरवरी के अंतिम सप्ताह में बजट सत्र, मार्च तक चलेगा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र फरवरी के अंतिम सप्ताह शुरू होकर मार्च के अंतिम सप्ताह तक चलने की संभावना है। बजट सत्र को लेकर विधानसभा सचिवालय ने अभी प्रस्ताव राज्यपाल को नहीं भेजा है। बताया जा रहा है कि अगले सप्ताह इसका प्रस्ताव तैयार कर भेजा जाएगा। छत्तीसगढ़ में बजट सत्र के 20 दिन तक चलने की संभावना बताई जा रही है। सत्र के लिए विधानसभा सचिवालय द्वारा एक माह पहले ही अधिसूचना जारी की जाती है। अधिसूचना जारी होने के बाद विधायकों द्वारा सवाल लगाए जाते हैं। इस माह के अंतिम सप्ताह में अधिसूचना जारी होने की संभावना है। बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण से इसकी औपचारिक शुरुआत होगी। वहीं राज्य सरकार की ओर से बजट सत्र को लेकर बजट तैयार करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। विभाग के सचिवों और मंत्रियों के साथ वित्त विभाग की बैठकें पूरी हो चुकी है। फरवरी माह के अंत में वित्त मंत्री के द्वारा बजट पेश किए जाने की संभावना है। बजट पेश होने के बाद हर विभाग के अनुदान मांगों पर अलग से चर्चा कराए जाने के कारण सत्र लगभग तीन सप्ताह तक चलने की संभावना बताई जा रही है।




### रीना कंगाले ने की फोर्टिफाइड राइस कर्नेल व्यवस्था की समीक्षा



**रायपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत फोर्टिफाइड राइस कर्नेल (एफआरके) की समयबद्ध एवं सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने शनिवार को कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में बैठक लेकर समीक्षा की। बैठक में एफआरके निर्माताओं एवं छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान रीना कंगाले ने एफआरके निर्माताओं को खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप एफआरके बैच तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) एवं कस्टम मिलिंग के अंतर्गत चावल उपार्जन के लिए आवश्यक एफआरके की व्यवस्था निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में मार्कफेड को निर्देशित किया गया कि एफआरके निर्माताओं से तैयार किए जा रहे एफआरके बैच की दैनिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की जाए, साथ ही एफआरके निर्माताओं को फोर्स पोर्टल में तैयार एफआरके बैच का विवरण नियमित रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) जितेंद्र शुक्ला, संचालक खाद्य डॉ. फरिहा आलम, उप महाप्रबंधक भारतीय खाद्य निगम बारला, विश्व खाद्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अरूणांशु तथा अपर कलेक्टर रायपुर कीर्तिमान सिंह राठौर उपस्थित रहे।




दुर्ग सम्भाग स्तरीय साहू सम्मेलन एवं
स्व. ताराचंद साहू जी
स्मृति सम्मान समारोह
स्थान : रविशंकर स्टेडियम, दुर्ग
दिनांक : 18-01-2026
स्व. ताराचंद साहू जी
पूर्व सांसद
प्रथम प्रदेश अध्यक्ष भाजपा (छ.ग.)
दीपक ताराचंद साहू
पूर्व अध्यक्ष हस्त शिल्प वि.बो.
नंदलाल साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला- दुर्ग
चन्द्रभूषण साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला- भिलाईनगर
नारद साहू अधिवक्ता
अध्यक्ष
साहू समाज जिला- बेमेतरा
महेन्द्र साहू
अध्यक्ष
जिला साहू समाज, बालोद
भागवत साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-राजनंदगाव
टीलेश्वर साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-खैरागढ़ छुईखदान-गंडई
धरमलाल साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-कबीरधाम
मदनलाल साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-मानपुर मोहला चौकी
आनंद साहू
पूर्व प्रदेश अध्यक्ष
युवा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
गिरवर बंटी साहू
सभापति
भिलाई नगर
पालिक निगम
देवकुमार साहू
दुर्ग संभाग संयोजक
युवा प्रकोष्ठ,छ.ग.प्र. साहू संघ
प्रदेश सह. सोशल मीडिया प्रभारी
पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा (छ.ग.)
भोला साहू
सर्व छ.ग. समाज संगठन
अध्यक्ष, वैशाली नगर
मुरली साहू
पूर्व प्रदेश संगठन सचिव
छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ
इंजी. प्रेम किशन साहू
पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री
युवा प्रकोष्ठ, प्रदेश साहू संघ
निलेश साहू
प्रदेश संगठन सचिव
युवा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
मुकेश साहू
पूर्व दुर्ग जिला
संयोजक, युवा प्रकोष्ठ
डॉ. शैलेन्द्र साहू
राष्ट्रीय अध्यक्ष
माँ कर्मा भोग
प्रसाद वितरण समिति
डॉ. पंकज राठौर
संभाग संयोजक
चिकित्सा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
हरिशंकर साहू
संगठन सचिव
साहू मित्र सभा
भिलाई नगर
सूरज साहू
रेड ड्राप फ्रेंड्स
क्लब संयोजक
सामदेव साहू
दुर्ग संभाग महासचिव
युवा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
अजीत साहू
भिलाई जिला महासचिव
युवा प्रकोष्ठ
गजेन्द्र साहू
भिलाई जिला महासचिव
युवा प्रकोष्ठ
कबीर साहू
डायरेक्टर
सिगमा ग्रुप ऑफ कंपनी
उपाध्यक्ष-दुर्ग संभाग,
युवा प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ (छ.ग.)

## एजुकेशन अलर्ट

### इंडियन नेवी एसएससी ऑफिसर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी




**रायपुर।** इंडियन नेवी में नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए महत्वपूर्ण खबर है। भारतीय नौसेना की ओर से शॉर्ट सर्विस कमीशन ऑफिसर के लिए नोटिफिकेशन जारी कर आवेदन तिथियों का ऐलान कर दिया गया है। जो भी उम्मीदवार पात्रता पूरी करते हैं, वे इस भर्ती के लिए 24 जनवरी से 24 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म भर सकेंगे। एप्लीकेशन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार होंगे, अन्य किसी भी प्रकार से फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। भारतीय नौसेना में एग्जीक्यूटिव ब्रांच में जनरल सर्विस, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर, नेवल एयर ऑपरेशंस ऑफिसर और पायलट SSC ऑफिसर एवं लॉजिस्टिक्स SSC ऑफिसर पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी ने पदानुसार बीई/बीटेक/मास्टर डिग्री इन इलेक्ट्रॉनिक्स- फिजिक्स/एमएससी आईटी/ एमसीए आदि उत्तीर्ण किया हो। इसके अलावा अभ्यर्थी का जन्म पदानुसार 2 जनवरी 2002/ 2003 और 1 जुलाई 2006/ 2007/ 1 जनवरी 2008 के बीच हुआ हो।

#### इस तरह भरना होगा आवेदन

इस भर्ती में आवेदन के लिए जो उम्मीदवार पात्रता पूरी करते हैं वे वे भारतीय नौसेना के आधिकारिक भर्ती पोर्टल **joinindiannavy.gov.in** पर जाकर आवेदन कर। सकेंगे। एप्लीकेशन प्रॉसेस पूर्ण करने के लिए पहले पंजीकरण करना होगा और उसके बाद लॉग इन के माध्यम से अन्य डिटेल भरकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। आवेदन के लिए उम्मीदवारों के पास आधार नंबर होना जरूरी है। इस भर्ती के लिए उम्मीदवारों को योग्यता के आधार पर शॉर्टलिस्ट करके **SSB** इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया जायेगा। एसएसबी के आधार पर अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। भर्ती से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार एक बार ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें।

ऑक्सीज़ोन गार्डन में महिलाओं ने अपनी बाल्यावस्था को किया याद, 'टिकटॉक प्रिंसेस' ने मारी बाजी

# बचपन के खिलाड़ी : गृहस्थी छोड़ मैदान में उतरीं महिलाएं, हंसी-ठिठोली और खेलों के बीच बिताया दिन

भागदौड़ भरी जिंदगी और घर-गृहस्थी की जिम्मेदारियों को कुछ पल के लिए दरकिनार कर, रायपुर की महिलाओं ने एक बार फिर अपने बचपन को जी लिया। मौका था गोपाल मंदिर माहेश्वरी महिला समिति द्वारा आयोजित "बचपन के खिलाड़ी – पार्ट 2 "कार्यक्रम का। पंडरी स्थित ऑक्सीज़ोन गार्डन का माहौल उस वक्त ऊर्जा से भर गया, जब 100 से अधिक महिलाएं उम्र की दहलीज को भूलकर मैदान में उतरीं।

**रायपुर।** शाम ढलते-ढलते कार्यक्रम का समापन भक्ति और संगीत के संगम 'भजन जैमिंग' के साथ हुआ। "जहाँ खेल, संगीत और भक्ति मिलें, वहां आनंद स्वतः ही छलक उठता है" यह पंक्ति चरितार्थ होती दिखी।

### ज़ुम्बा से शुरुआत जलेबी रेस में मची होड़

कार्यक्रम की शुरुआत ईश्वर स्मरण के साथ हुई, लेकिन इसके तुरंत बाद माहौल पूरी तरह बदल गया। "सक्रिय शरीर ही प्रसन्न मन की कुंजी है" के मंत्र के साथ महिलाओं ने जुम्बा पर जमकर कदम थिरकाए। इसके बाद जैसे ही खेलों का सिलसिला शुरू हुआ, पूरा गार्डन हंसी-ठिठोली और हूटिंग से गूंज उठा। बचपन के वो पुराने खेलजलेबी रेस, रस्सी दौड़ और ग्रुप ग्लास गेमने सबको अपने स्कूल के दिनों की याद दिला दी। 'रेडी-टू-लेडी' गेम में महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था।

### सोशल मीडिया के रंग में रंगी टीमें

इस आयोजन का सबसे दिलचस्प और अनोखा पहलू इसकी टीमें थीं। कुल 100 प्रतिभागियों को 10-10 सदस्यों की 10 अलग-अलग टीमों में बांटा गया था। आज के डिजिटल दौर को देखते हुए इन टीमों के नाम मोबाइल ऐप्स पर रखे गए थे। मैदान पर 'इंस्टाग्राम क्वीन', 'टिक-टॉक प्रिंसेस' और 'गूगल गर्ल्स' जैसी टीमें एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही थीं।







### ट्रेजर हंट ने कराई दिमाग की कसरत, ये रहे विजेता

शारीरिक खेलों के बाद बारी थी दिमागी कसरत की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'ट्रेज़र हंट' रहा, जिसमें पूरे गार्डन में छिपाए गए सुरागों को खोजने के लिए टीमें दौड़ती नजर आईं। कड़े और रोमांचक मुकाबलों के बाद विजेता : 'टिक-टॉक प्रिंसेस' टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। उपविजेता : 'इंस्टाग्राम क्वीन' टीम दूसरे स्थान पर रही। 'गूगल गर्ल्स' ने तीसरा स्थान हासिल किया।





### इनका रहा विशेष योगदान

समिति की अध्यक्ष प्रगति कोठारी और सचिव कल्पना राठी के नेतृत्व में यह आयोजन पूरी तरह सफल रहा। कार्यक्रम का पूरा संयोजन मधु राठी, नीना राठी, नीलिमा लड्ढा और शशि आर. मोहता ने संभाला, जिन्होंने हर खेल को रोमांचक बनाए रखा। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य मधुरिका नत्थानी, सुनीता लड्ढा, शशी बागड़ी, शशी सारडा, नीता लाखोटिया, कविता दम्मानी, ज्योति सारडा, शशी बंग और भावना मर्दा ने व्यवस्था बनाने में अहम भूमिका निभाई।इस दौरान करीब 100 से 150 समाजबंधुओं ने दर्शक दीर्घा में रहकर अपनी माताओं-बहनों और पत्नियों का उत्साहवर्धन किया और इस 'बचपन' का भरपूर आनंद उठाया।

## लाइव इवेंट

### छग माहेश्वरी महिला संगठन की प्रदेश अध्यक्ष को इनोवेशन एक्सीलेंस अवार्ड



**रायपुर।** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक अयोध्या में हुई। प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि बैठक में सम्पूर्ण भारतवर्ष से माहेश्वरी महिला संगठन की पदाधिकारी पहुंचीं, जहां छत्तीसगढ़ की प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी को इनोवेशन एक्सीलेंस के खिताब से नवाजा गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश ने रिपोर्टिंग के लिए पुनः कोहिनूर केटेगरी प्राप्त की। वहीं आप की अदालत कार्यक्रम में मध्यांचल को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। श्रीमती राठी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी महिलाओं की प्रेरणास्त्रोत हैं, उनके आत्मविश्वास और श्रेष्ठ करने के संकल्प ने आज छत्तीसगढ़ प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उनके मार्गदर्शन एवं सफल निर्देशन में संगठन नए आयाम एवं ऊंचा मुकाम हासिल कर रहा है।

### डॉ. चौधरी को मिला नवाचारी प्रोफेसर का राष्ट्रीय सम्मान



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. राजीव चौधरी को नवाचारी प्रोफेसर का राष्ट्रीय सम्मान खेल एवं शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में सर्वाधिक नवाचारी के लिए खेल एवं मनोरंजन उद्योग परिसंघ द्वारा दिया गया है। यह सम्मान ग्लोबल स्पोर्ट्स एजुकेशन कॉन्वेशन-2026 के अंतर्गत 15 जनवरी को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं एवं खेल विशेषज्ञों की सहभागिता रही। यह राष्ट्रीय सम्मान डॉ. राजीव चौधरी को खेल, शारीरिक शिक्षा, योग, खेल विज्ञान, शोध एवं अकादमिक नवाचार के क्षेत्र में उनके दीर्घकालीन, शोध-आधारित एवं नवाचारी योगदान के लिए प्रदान किया गया है। उनका कार्य खेल-आधारित शिक्षा, योग एवं खेल विज्ञान को शैक्षणिक गुणवत्ता, सामाजिक विकास और नवाचार से प्रभावी रूप से जोड़ने का एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है।

#### सम्मान से मिलती है प्रेरणा

खेल एवं मनोरंजन उद्योग परिसंघ द्वारा यह सम्मान खेल एवं मनोरंजन उद्योग से जुड़े शिक्षाविदों के राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन, प्रदर्शन एवं रैंकिंग मानदंडों के आधार पर प्रदान किया जाता है। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत डॉ. राजीव चौधरी ने इसे अपने गुरुओं, सहकर्मियों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं संस्थागत सहयोग का परिणाम बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि उन्हें खेल, योग एवं शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक नवाचार एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करती है।

## राज्य स्तरीय जनजातीय जीवनशैली चित्रकला प्रतियोगिता 20 फरवरी से

**रायपुर।** राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन नवा रायपुर स्थित शहीद वीरनारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय में 20 से 21 फरवरी तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन आदिम जाति विकास विभाग एवं आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता का विषय जनजातीय जीवनशैली है, प्रतियोगिता का आयोजन सबेरे 10:00 से शाम 5:00 बजे तक होगा। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से अनुसूचित जनजाति संवर्ग के प्रथम 150 पंजीकृत प्रतिभागियों को शामिल किया जायेगा। आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रस्तावित यह चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन के कैनवास के माध्यम से किया जायेगा। कैनवास चित्रकारी में 18 से 30 वर्ष एवं 30 वर्ष से अधिक दो अलग-अलग आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। केनवास में चित्रकारी करने के लिए प्रतिभागी को 20 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे से 21 फरवरी शाम 4:00 बजे तक का समय उपलब्ध रहेगा। निर्णायक मण्डल द्वारा अंक पद्धति से प्रतिभागियों द्वारा बनायी गई पेंटिंग्स का मूल्यांकन किया जावेगा। प्रतियोगिता का परिणाम 21 फरवरी 2026 को घोषित किया जाएगा। प्रतिभागी की आयु की गणना दिनाँक 01 जनवरी 2026 के आधार पर की जायेगी तथा आयु की पुष्टि हेतु कोई शैक्षणिक अभिलेख, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति आदि जिसमें जन्मतिथि अंकित हो, प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। चित्रकला प्रतियोगिता हेतु आवश्यक सामाग्री चित्रकला हेतु केनवास का साईज 24''x30'' निर्धारित किया गया है।

#### 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग भाग लेंगे

*राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता में प्रत्येक आयु वर्ग से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 20 हजार रूपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करन वाले को 15 हजार रूपए तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 10 हजार रूपए का पुरूस्कार प्रदान किया जायेगा। इसी तरह से 30 वर्ष से अधिक के प्रतिभागियां को भी प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 20 हजार, द्वितीय पर 15 हजार रूपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 10 हजार रूपए की राशि प्रदान की जायेगी। इसके अतिरिक्त दोनो आयु वर्ग के 10-10 प्रतिभागियों को 2 हजार के मान से संतावना पुरूस्कार प्रदान किया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों का पुरस्कार हेतु चयन निर्णायक मण्डल द्वारा किया जाएगा। निर्णायक मण्डल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। उक्त निर्णायक दल के 3 सदस्य क्रमशः उत्तर आदिवासी क्षेत्र (सरगुजा संभाग) दक्षिण आदिवासी क्षेत्र (बस्तर संभाग) एवं मध्य आदिवासी क्षेत्र (दुर्ग-रायपुर संभाग) के होंगे एवं 1 सदस्य इंदिरा कला एवं संगीत विश्व विद्यालय, खैरागढ़ के होंगे। निर्णायक मण्डल के समस्त सदस्य जनजाति समुदाय से होंगे।*

## रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर चलाया जागरूकता अभियान, यातायात नियमों से कराया अवगत

**रायपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रायपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके तहत वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए एवं यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट का उपयोग करना तथा निर्धारित गति सीमा का पालन जैसे छोटे-छोटे उपाय बहुमूल्य जीवन को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। परियोजना कार्यान्वयन इकाई, बिलासपुर के परियोजना निदेशक श्री मुकेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा को सुरक्षित एवं सुगम बनाने के लिए आधुनिक तकनीकी उपायों के साथ-साथ जन-जागरूकता अभियानों का निरंतर संचालन किया जा रहा है, ताकि सड़क



दुर्घटनाओं की दर को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके अभियान के दौरान सड़क दुर्घटना की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी बचाव कार्यों के लिए लाइव एक्सीडेंट डेमोंस्ट्रेशन (मॉक-ड्रिल) का आयोजन किया गया। इस दौरान एम्बुलेंस की पहुँच, क्रेन द्वारा मार्ग से बाधा हटाने तथा घायलों को प्राथमिक उपचार देने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही सुरक्षित यात्रा के लिए हेलमेट, सीट बेल्ट के महत्व को बताया गया। सड़क सुरक्षा अभियान के साथ-साथ एनएचआईटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। इस शिविर में अधिकारियों-कर्मचारियों और सड़क उपयोगकर्ताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

आईआईआईटी-नया रायपुर कैंपस में वार्षिक विज्ञान महोत्सव

# सिर्फ पढ़ो मत, अपने आसपास की समस्याओं का हल ढूंढो

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** किताबों से निकलकर जब विज्ञान असल जिंदगी में उतरता है, तो चमत्कार होते हैं। कुछ ऐसा ही नज़ारा आज आईआईआईटी-नया रायपुर के कैंपस में देखने को मिला। मौका था संस्थान के वार्षिक विज्ञान महोत्सव के 8वें संस्करण का, जहां शहर के स्कूली बच्चों ने अपने मॉडल्स और आइडियाज़ से बड़े-बड़ों को सोचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में इटली से आए प्रो. एंटोनियो पुलियाफिटो और बार्क मुंबई के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. अमर बनर्जी विशेष रूप से मौजूद थे। उन्होंने बच्चों को साफ कहा सिर्फ पढ़ो मत, अपने आसपास की समस्याओं का हल ढूंढो।आईआईआईटी के डायरेक्टर प्रो. ओ. पी. व्यास ने भी बच्चों को वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ने का मंत्र दिया।





**छोटे उस्ताद (कक्षा 3-5):** ब्राइटन इंटरनेशनल की इशप्रीत कौर, स्वरा और सुरक्षा ने पहला ईनाम जीता। केपीएस के मौलिल, प्रचेत और शौर्यदीप दूसरे, जबकि पोदार के अपूर्व तीसरे नंबर पर रहे।

**मिडिल स्कूल (कक्षा 6-8):** लर्नर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल की दिव्या वीर सिंह ने बाजी मारी और फर्स्ट आईं। केपीएस के रचित और शनाय को दूसरा और पोदार की काव्या, अन्वी व आराध्या को तीसरा स्थान मिला।

**सीनियर वर्ग (कक्षा 9-12):** यहां भी ब्राइटन इंटरनेशनल की अनन्या अग्रवाल ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और विनर बनीं। केपीएस की चारु सेकेंड और पोदार के सोहम, वरुण व आरव थर्ड रहे।

#### ब्राइटन और केपीएस का दबदबा



सबसे ज्यादा रोमांच 'आइडियाथॉन 8.0' में दिखा। बच्चों को स्वास्थ्य, खेती, आपदा प्रबंधन और कचरा प्रबंधन जैसे गंभीर विषयों पर अपने आइडिया देने थे। ब्राइटन इंटरनेशनल, केपीएस, पोदार और लर्नर्स स्कूल के छात्रों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।सिर्फ आइडिया ही नहीं, 'टेक एक्सपो' में बच्चों ने चलते-फिरते मॉडल्स भी दिखाए। इसमें विराट पटेल ने पहला स्थान हासिल किया। एकांश, अक्षिता और करिश्मा की टीम दूसरे और अवजीत, अनिश व साहिल की टीम तीसरे नंबर पर रही।आयोजन का जिम्मा डॉ. चंद्रशेखर निषाद और डॉ. कविता जायसवाल ने संभाला। दिन भर चले इस विज्ञान के मेले ने साबित कर दिया कि सही मंच मिले, तो ये बच्चे कल के बड़े वैज्ञानिक बन सकते हैं।

**इवेंट लाइव**

## किसी ग्रंथ और साहित्य में भी विषमता का जिक्र नहीं



**रायपुर।** समरस छत्तीसगढ़ विशेषांक का विमोचन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यालय जागृति मंडल में शनिवार को किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर रहे और अध्यक्षता प्रांत संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा ने की। इसमें श्री चक्रधर ने कहा कि भारत का इतिहास एवं समाज की रचना प्राचीन है। जो समाज जितना प्राचीन होता है, उतने उतार-चढ़ाव भी देखता है। समाज जब एक रस होता है तो उत्थान की ओर बढ़ता है। शरीर के अंगों के काम अलग-अलग हैं, लेकिन सबके अंदर एक रस है। किसी अंग को चोट लगती है तो हर अंग प्रतिक्रिया देता है। किसी भी ग्रंथ में विषमता का कोई जिक्र नहीं है। डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने भी कहा है, भारतीय साहित्य में कहीं विषमता और शोषण का जिक्र नहीं है, लेकिन फिर भी समाज में विकृति आई है।

### समाज में समरसता के लिए प्रबोधन की जरूरत

विशेषांक विमोचन के बाद संबोधित करते हुए बताया कि इस्लामिक एवं अंग्रेजों के शासन में समाज को तोड़ने का काम हुआ। इसके बाद भी समाज में लोगों ने कठिन से कठिन काम कर लिया, लेकिन धर्म और अपनी संस्कृति को नहीं छोड़ा। प्रांत प्रचारक अभय राम, प्रांत प्रचार प्रमुख संजय तिवारी, महानगर संघचालक महेश बिड़ला, सह प्रांत प्रचार प्रमुख नीरज सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन इस आयोजन में शामिल हुए। इनकी मौजूदगी में मुख्य अतिथि ने कहा कि बाबा साहेब के आदर्श, उनका चिंतन हमें स्मरण करना होगा। आज समाज में समरसता के विषय में बहुत अच्छे काम हुए हैं।

● वीआईपी रोड स्थित स्वामी प्रणवानंद अकादमी परिसर में सम्मेलन, शामिल होने प्रदेशभर से पहुंचे समाजजन

# हिंदू-बंग सम्मेलन में याद किया स्वर्णिम दौर, सम्मान बचाने शुरू की गई पहल को आगे बढ़ाने पर दिया जोर

"'सेव बंगाल सेव इंडिया मूवमेंट के तहत वीआईपी रोड स्थित प्रणवानंद अकादमी परिसर में शनिवार को छत्तीसगढ़ हिंदू-बंग सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ में निवासरत बंगाली समाज के लोग सैकड़ों की तादाद में इस सम्मेलन का हिस्सा बने। वहीं महिलाओं, युवाओं और समाज के प्रबुद्ध वर्ग ने प्रमुख रूप से उपस्थिति दर्ज करवाते हुए सम्मेलन को भव्य स्वरूप भी दिया। हिंदू-बंग सम्मेलन में बंगाली समाज के लोगों ने जहां मंच से स्वर्णिम दौर को याद किया। वहीं अब सम्मान बचाने के लिए शुरू की गई सम्मेलन की पहल को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। समाज के इस हिंदू सम्मेलन को समर्थन देने के लिए डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी पहुंचे।





**रायपुर।** हिंदू बंग सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रदेशभर में रहने वाले बंगाली समाज के लोग भारी संख्या में इस उत्साह से पहुंचें थे, की उनकी इस एकत्रित आवाज़ से बंगाल में चल रहे हिंदू बांग्ला भाषियों पर अत्याचार पर रोक लगेगी। इस सम्मेलन में जगदलपुर, कांकेर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, बिलासपुर, अम्बिकापुर, सूरजपुर, कोरिया, दुर्ग से ज्यादातर सदस्य समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वाहन करने के उद्देश्य से एकजुट हुए। इनके बीच सम्मेलन की शुरुआत सेव बंगाल सेव इंडिया मूवमेंट की प्रस्तावना से हुई। मुहिम के संस्थापक गोपाल सामंतों ने इसे सम्मेलन में शामिल समाज के लोगों के सामने रखा। वहीं मुख्य वक्ता पद्मश्री कार्तिक महाराज मंचस्थ थे। वह विशेष रूप से इस सम्मेलन में सहभागिता देने के लिए कोलकाता से आए थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सभी बंगाली समाज से आह्वान भी किया की समाज का एक-एक सदस्य यह ठान ले की बंगाल को बचाना है और यह सम्मान के लिहाज से बेहतर संकल्प होगा।

### बंगाल में परिवर्तन की बात भी समाज के सामने

हिंदू-बंग सम्मेलन के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने समाज के योगदान की याद दिलाते हुए दोहराया कि जिस समाज को स्वतंत्रता संग्राम, साहित्य, विज्ञान और कला के लिए जाना जाता है। उस समाज को आज एकजुट होकर बंगाल को बचाने के लिए मुहिम में जुट जाना चाहिए। सम्मेलन में कोलकाता के प्रख्यात समाजसेवी और कानूनविद देबोजीत सरकार ने बंगाल में परिवर्तन की जरूरत को लेकर अपनी बात समाज के सामने रखी। उन्होंने कहा कि समाज को तटस्थ रहते हुए हिंदू-बंग सम्मेलन की पहल को आगे बढ़ाना होगा, आपसी एकता से ही सम्मान बचाया जा सकता है। इसके लिए सम्मेलन से जुड़ना सराहनीय पहल है।





### किसी न किसी माध्यम से बंगाल को बचाना होगा

बंगाली समाज के इस आयोजन को विशेष रूप से अपना समर्थन देने के लिए डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी पहुंचे। श्रोताओं की दीर्घा में बैठे बंगाली समाज के सैकड़ों लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने वक्तव्य में कहा कि स्वामी विवेकानंद की भूमि को इस तरह मिटने नहीं दिया जा सकता। बंगाल के गौरवशाली इतिहास को रक्तरंजित वर्तमान की भेंट नहीं चढ़ने दिया जा सकता है। जिस भूमि में मां दुर्गा की पूजा के लिए कोर्ट से परमिशन की जरूरत पड़ने लगी हो, उस बंगाल का वैभव टूटने की कगार पर है। अंत में आव्हान किया कि प्रत्येक घर से बंगाली समाज के सदस्यों को आगे आना पड़ेगा और किसी न किसी माध्यम से बंगाल को बचाना होगा।

### प्रदेश के बंगालियों ने सम्मेलन में बनाई सहमति

हिंदू-बंग सम्मेलन में विभाजन की विभीषिका की झलक भी पेश की गई, जिसे बंगालियों ने अपने समाज में देखा, उस सांस्कृतिक धरोहर को भी पेश करने का प्रयास किया। बंगाल के वर्तमान भयावह परिदृश्य की वजह हिंदू-बंग भाषियों के लिए खतरा बना रहा है। वक्ताओं ने कहा कि आज जो बंगालियों के सम्मान पर चोट पश्चिम बंगाल में घट रही नकारात्मक घटनाओं के कारण पड़ रही है। उसके ख़िलाफ छत्तीसगढ़ के बंगालियों ने सहमति बनाई है। इस सम्मेलन के लिए आभार स्वामी शिवरूपानंद महाराज ने प्रकट किया। इसमें सेव बंगाल सेव इंडिया मुहिम के फाउंडर मेंबर्स विवेक वर्धन, नताशा तालुकदार, सुब्रत चाकी, तरुण वैद्य, बॉबी दास, महादेव महतो, सिद्धार्थ भट्टाचार्य, रूमा सेनगुप्ता, सुभाष साहा, श्रौती घोष साहा प्रमुख रूप से शामिल हुए।

**सिटी लाइव**

## जादू विज्ञान-तकनीक बेस्ड कला मनोरंजन करना ही हमारा मकसद



**रायपुर।** जादूगर ओपी शर्मा (जूनियर) ने शनिवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जादू पूर्ण रूप से मनोरंजन की कला है। कभी भी इसे कोई दैविक शक्ति, सिद्धी या चमत्मकार के रुप में ना लें, क्योंकि जब भी आप इसे चमत्कार मानेंगे तो कहीं न कहीं आप जरूर ठगे जाएंगे। इस शो का उद्देश्य लोगों का स्वस्थ मनोरंजन करना और समाज में फैले अंधविश्वास को दूर करना है। अगर अंधविश्वास की बात करें तो रूरल एरिया में ज्यादा देखने को मिलता है। उन्होंने मीडिया व शासन प्रशासन से अनुरोध किया कि जादू को शिक्षा के साथ जोड़ा जाए। इसकी शुरुआत प्राइमरी से हो जाए और डिप्लोमा कोर्स तक इसका संचालन आगे किया जाना चाहिए। केरल में इसे शुरू किया गया है।

### बच्चों और बुजुर्ग के लिए कुछ मनोरंजन जोड़ा

एक सवाल के जवाब में कहा कि आज कल बच्चे दिनभर मोबाइल में व्यस्त रहते हैं। माता-पिता भी इससे परेशान है। पहले बच्चे परिजनों को शो दिखाने के लिए परेशान करते थे कि हमें जादू देखना है, लेकिन अब माता-पिता परेशान हैं। बच्चों जादू दिखाने कैसे लेकर जाएं। इसलिए बच्चों और बुजुर्ग के लिए कुछ मनोरंजन जोड़ा है कि वे 7200 सेकेंड्स थ्रिल मनोरंजन देख सकें। 100 लोगों की टीम इसके लिए काम करती है। जो कंप्यूटराइज्ड हिप्रोटिक लाइट, अल्ट्रा डिजिटल साउंड एवं तकनीकी पहलुओं के साथ शो को सफल बनाने में जुटे रहते हैं। प्रेस क्लब के रूबरू कार्यक्रम में जादूगर ओपी शर्मा शामिल हुए। जहां प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह देते हुए उन्हें सम्मानित किया।

## अयोध्या में प्रतिमा स्थापना तिथि से पहले 10001 दीपों से किया महायज्ञ



**रायपुर।** बिरगांव निगम सीमा क्षेत्र के बुधवारी बाजार में भव्य दीप महायज्ञ का आयोजन शनिवार की शाम किया गया। अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर की स्थापना दिवस से पूर्व भक्तों ने आतिशबाजी करते हुए 10001 दीपों से आस्था केंद्र जगमगाया। इस दीप महायज्ञ के आयोजक भीखमलाल देवांगन ने बताया कि भगवान राम के मंदिर स्थापना दिवस 22 जनवरी को मनाया जाता है। इस पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह धूमधाम से धार्मिक आयोजन किया गया। दीप महायज्ञ के क्रम को दूसरे वर्ष भी जारी रखा गया। इस बार 10001 दीपों को जलाकर आस्था केंद्र को रोशन किया गया। वहीं भगवान श्री रामचंद्र की भव्य आरती भी आयोजकों द्वारा की गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी लोककला मंच रंग झरना ग्रुप द्वारा भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी गई।

### वनगमन पथ की खोज समिति ने की है

श्रीराम वनगमन शोध संस्थान को लेकर कहा कि छत्तीसगढ़ सहित दक्षिण भारत में भगवान श्रीराम जिन स्थानों पर पैदल चले हैं, उसकी खोज उनकी समिति द्वारा की गई है। इसलिए भगवान राम उनके हृदय में वास करते हैं। इस भव्य पहल को लेकर उन्होंने आयोजक परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इसमें विशेष रूप से देवांगन समाज की महिला प्रदेश अध्यक्ष किरण देवांगन, पार्षद बेदराम साहू, देवांगन समाज बिरगांव क्षेत्र के संरक्षक गेंदलाल देवांगन, रामअवतार देवांगन, विजय देवांगन, रामकुमार देवांगन सहित भारी संख्या में रामभक्त शामिल हुए।

## हनुमान मंदिर में विशेष श्रृंगार, श्रद्धालुओं को बांटा महाप्रसाद

**रायपुर।** बूढ़ेश्वर चौक स्थित श्री संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर में शनिवार को भक्तिमय माहौल रहा। मौका था स्व. सुनील दुबे की पांचवीं पुण्यतिथि का, जिसके उपलक्ष्य में मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इस अवसर पर संकटमोचन वीर हनुमानजी का भव्य और विशेष श्रृंगार किया गया। सुबह विधिवत पूजा-अर्चना के बाद ब्राह्मण भोज का आयोजन हुआ। शाम को संध्या आरती के पश्चात मंदिर प्रांगण सुंदरकांड की चौपाइयों से गूंज उठा। शाम 6 बजे श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन के दौरान दुबे परिवार और ईष्टमित्रों ने स्व. सुनील दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित की और हनुमानजी से परिवार पर कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की।



## गुप्त नवरात्रि और भागवत कथा कल से, आज आएंगे कथावाचक



**रायपुर।** श्री महामाया देवी मंदिर न्यास के तत्वावधान में 19 से 26 जनवरी तक गुप्त नवरात्रि महोत्सव और श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन पुरानी बस्ती स्थित मंदिर परिसर में किया जाएगा। व्यासपीठ पर मथुरा-वृंदावन के मारुतिनंदनाचार्य वागीश महाराज विराजेंगे। 18 जनवरी को शाम 5 बजे इंडिगो से माना विमानतल पहुंचेंगे। 19 जनवरी को सुबह 9 बजे महामाया देवी मंदिर प्रांगण से पूजा के बाद भव्य शोभायात्रा निकलेगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक श्रद्धालुओं को कथा सुनने का अवसर मिलेगा। यह जानकारी न्यास समिति के अध्यक्ष व्यास नारायण तिवारी, आयोजन समिति के समन्वय चंद्रशेखर दुबे, न्यास के सचिव दुर्गा प्रसाद पाठक एवं व्यवस्थापक पं. विजय कुमार झा ने संयुक्त रूप से पत्रकारवार्ता में दी।

### इन प्रसंगों पर महाराज सुनाएंगे भागवत कथा


उन्होंने बताया कि 20 को कुंती स्तुति, भीष्म स्तुति, शुकदेव प्राकट्य, 21 को ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, नृसिंह अवतार , 22 को वामन अवतार, रामावतार, भगवती महामाया देवी प्राकट्य, कृष्ण अन्नोत्त प्रसंग होंगे। वहीं 23 को बाललीला, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, 24 को महारास कथा, कृष्ण-रुक्मणी विवाह उत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद 25 को सुदामा चरित्र,कृष्ण उद्धव संवाद के साथ ही कथा विश्राम होगा। 26 को सुह 9 बजे से गीतापाठ, तुलसी वर्षा, कपिला गौ पूजा, तर्पण, पूर्णाहुति, ब्राह्मण भोजन, राजभोग-भण्डारा होगा। 27 को सुबह 11 बजे गुरु आयोजक परिवार, मंदिर के आचार्य, पुजारी, पंडितों और कर्मचारी मिलन के बाद महाराज की विदाई होगी।

श्री महामाया देवी मंदिर न्यास के तत्वावधान में आयोजन

गुरु तेगबहादुर भवन में सजाए गए सिल्क वीव्स एक्सपो में पहुंच रहीं महिलाएं, कारीगरों के डिजाइनर्स कपड़े भी खास

# महिलाओं को भा रही बनारसी और बंगाल की डिजाइनर्स साड़ियां, दूसरे शहरों के सिल्क वर्क को मिल रहा रिस्पांस

**रायपुर।** शहर में राज भवन के पास स्थित गुरु तेगबहादुर भवन में इन दिनों महिलाओं की चहल-पहल बढ़ गई है। देशभर के अलग-अलग राज्यों और बड़े शहरों के कारीगरों द्वारा तैयार की गई डिजाइनर्स साड़ियों और कपड़ों के बाजार में शनिवार को सामान्य दिनों की अपेक्षा महिलाओं की आवाजाही ज्यादा देखने को मिली। 19 जनवरी तक चलने वाले इस सिल्क एक्सपों में 70 स्टाल्स सजाए गए हैं। ग्राहकों को साफ-सुथरा माहौल देने के लिए प्रापर इंतजाम किया गया है। एक्सपो के संचालक रोहित गुप्ता ने बताया कि लोगों से इस बार भी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। ग्राहकों में महिलाओं की आवाजाही ज्यादा होती है। अलग-अलग राज्यों और शहरों के लोग यहां रहते हैं, इस लिहाज से बनारसी, बंगाली, आसम के कारीगरों द्वारा भी स्टाल सजाया गया है।





### महिलाओं को खरीदी के लिए मिल रहा पर्याप्त समय



एक्सपो सुबह 11 से रात 9 बजे तक संचालित किया जाता है। इससे गृहणियों के साथ ही कामकाजी महिलाओं को भी अपनी पसंद की साड़ियों की खरीदी के लिए उनके अनुरूप समय मिल रहा है। जयपुर, दमोह, श्रीनगर, बिहार और बनारस के चर्चित परिधान एक ही छत के नीचे मिलने से लोगों का रुझान एक्सपों में है। महिलाओं के साज-श्रृंगार के स्टाल्स को एक्सपो के प्रवेश द्वार पर ही सजाया गया है। जहां होममेड आर्टिफिशियल ज्वेलरी को लेकर भी महिलाओं की चहल-पहल एक्सपो में ज्यादा देखने को मिल रही है।

### सफेद, लाल, जरी बॉर्डर डिजाइनर्स साड़ियां खास

बंगाली साड़ी महिलाओं के लिए ट्रेडिशनल सफ़ेद, लाल, ज़री बॉर्डर, डिजाइनर्स साड़ियों में नवीनतम कांजीवरम, गराड दुर्गा पूजा के लिए भी खास तौर से डिजाइन की गई है। इसे महिलाओं के द्वारा पसंद किया जा रहा है। वहीं लाल पार सदा बनारसी स्टाइल हैंडलूम, सॉफ्ट लीची, गरड सिल्क, लाल ब्लाउज भरोसे के साथ खरीदा रही हैं। इसके साथ ही सिल्क-लिनेन्स-शॉल-वेडिंग इथनिक्स की इस बार भी विविध वेरायटी लेकर कारीगर आए हैं। जिसे महिलाएं बजट के अनुरुप खरीदने में भी रुचि ले रही हैं।





## खबर संक्षेप

### वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर हुआ सामूहिक गान

**मंदिर हसौद।** वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर दिनांक 15जनवरी को दोपहर 15.55 बजे सेंट्रल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सामूहिक वंदे मातरम् गान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन पर हमारी संस्था प्रमुख (प्राचार्या) डॉ. वैशाली गवारले ने कहा की स्वतंत्रता आंदोलन में वंदे मातरम् गीत जितना महत्वपूर्ण था आज भी विद्यार्थियों में देशभक्ति का भाव जागृत करने में उतना ही प्रासंगिक है। इस आयोजन पर सेंट्रल कॉलेज के संचालक प्रवीण चंद्राकर, भावना चंद्राकर,महाविद्यालय की प्राचार्या सहित, सभी बीएड के छात्र-छात्राएं, महाविद्यालय परिवार एवं आरपीएस स्कूल के सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

### ग्राम सड्डू में मड़ई 20 को

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सड्डू में 20 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच रंग छत्तीसा पूनम विराट तिवारी राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता राजस्व एवं खेल मंत्री टंक राम वर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि अशोक सिंहा महामंत्री पिछड़ा वर्ग, टिकेश्वर मनहरे अध्यक्ष जनपद पंचायत तिल्दा, अनिल अग्रवाल सांसद प्रतिनिधि, शैल महेंद्र साहू रायपुर जिला पंचायत सभापति, देवेंद्र वर्मा जनपद सदस्य, नरसिंह वर्मा अध्यक्ष भाजपा मंडल तिल्दा, पुरुषोत्तम साहू भाजपा मीडिया प्रभारी बोहरही मंडल, नंदकुमार साहू सरपंच, उप सरपंच टाकेश्वर निर्मलकर आदि होंगे।

### समोदा को उपतहसील से पूर्ण तहसील बनाए जाने पर खुशी, क्षेत्रवासियों ने जताया आभार

**आरंग।** आरंग विधानसभा के नगर पंचायत समोदा को उपतहसील से पूर्ण तहसील बनाए जाने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव तथा आरंग के यशस्वी विधायक एवं छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री गुरू खुशवंत साहेब को नगर पंचायत समोदा की ओर से बहुत-बहुत आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया है। उल्लेखनीय है कि समोदा उपतहसील, आरंग तहसील से क्षेत्रफल एवं राजस्व की दृष्टि से वास्तव में बड़ा था, जिसे लेकर लंबे समय से तहसील बनाए जाने की मांग की जा रही थी। क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री गुरू खुशवंत साहेब के अथक प्रयासों से समोदा को तहसील का दर्जा प्राप्त हुआ, जो क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरवशाली एवं ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस गौरवशाली घोषणा के लिए माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार, समस्त मंत्रीगण एवं संगठन के शीर्ष नेतागण का क्षेत्र के विकास हेतु आभार प्रकट करते हुए नगर पंचायत समोदा अध्यक्ष छोटेलाल सोनकर, पीलाराम निषाद (जिला मंत्री भाजपा रायपुर ग्रामीण), देवकुमार साहू (मंडल अध्यक्ष समोदा), संजय चंद्राकर, गजेंद्र वर्मा, विष्णु धीवर (महामंत्री समोदा मंडल), शकुन बंजारे, जयकांत वर्मा (उपाध्यक्ष), बिजेश्वर बंजारे सहित समस्त भाजपा नेता समोदा मंडल, पार्षदगण एवं क्षेत्रवासी समोदा ने प्रसन्नता व्यक्त की।

# मुख्यमंत्री साय ने आरंग महोत्सव में भाग लिया, जलक्षत्री परिवार से की भावपूर्ण मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव 2026 शामिल होने आरंग पहुंचे। आरंग पहुंचते ही सर्वप्रथम बाबा बागेश्वरनाथ मंदिर महादेव के दर्शन करने पहुंचे जहां उन्होंने प्रदेश की सुख शांति व खुशहाली को लेकर पूजा अर्चना व जलाभिषेक किया।

उसके बाद बागेश्वर पारा आरंग निवासी भाजपा कार्यकर्ता सुशील जलक्षत्री व दिलीप जलक्षत्री के निवास पहुचकर जलक्षत्री परिवार से भेंट मुलाकात किया। घर पहुंचकर जलक्षत्री परिवार से मिलना मुख्यमंत्री जी के कार्यकर्ताओं के प्रति स्नेह व संवेदनशीलता और जन-संपर्क के पहलू को दर्शाता है। जलक्षत्री परिवार के साथ मुख्यमंत्री की यह मुलाकात न ही भावनात्मक और आत्मीय रही बल्कि मुख्यमंत्री का जलक्षत्री परिवार के बीच पहुँचना एक अनूठी पहल रही। परिवार के सदस्यों ने मुख्यमंत्री का स्वागत केवल एक 'अतिथि' के रूप में नहीं, बल्कि अपने परिवार के मुखिया के रूप में किया। पारंपरिक तरीके से तिलक लगाकर और फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया गया। जो कि जमीन से जुड़ाव का संदेश को दर्शाता है। इस तरह की मुलाकातें यह संदेश देती हैं कि सत्ता के शीर्ष पर बैठा व्यक्ति आम जनता के सुख-दुख के प्रति सजग है।

**जलक्षत्री परिवार के बीच पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, परिवार जनो ने किया आत्मीय स्वागत**



### श्री राम जी की शिल्प कला मुख्यमंत्री को भेट

मुख्यमंत्री ने परिवार के साथ बैठकर बातचीत की,इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने परिवार की कुशलक्षेम पूछने के साथ-साथ क्षेत्र की समस्याओं और सरकार की योजनाओं के जमीनी स्तर पर प्रभाव की भी जानकारी ली। साथ ही साथ अंतर्राष्ट्रीय बॉडीबिल्डर एवं गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड से सम्मानित होने पर रमेश हिरवानी को और किसान मोर्चा भाजपा मत्स्य प्रकल्प के सहसंयोजक बनाए जाने पर दिलीप जलक्षत्री को बधाई प्रेषित किए, इसके अलावा शिल्प कला के राष्ट्रीय कलाकार अभिषेक सपन द्वारा श्री राम जी की शिल्प कला मुख्यमंत्री को भेंट किया गया। इस मुलाकात के दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक मोती लाल साहू भी साथ में रहे। इस दौरान परिवार से भरत जलक्षत्री, बलराम जलक्षत्री, दीपक जलक्षत्री, भूपेंद्र, उर्मिला, वीना मंजू धीवर, ओमेश्वरी, कविता दिव्या जलक्षत्री सहित परिवार के सदस्य एवं भाजपा के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## धर्मनगरी आरंग में मोरध्वज महोत्सव, स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने देर शाम तक समां बांधा

# राजा मोरध्वज दानशीलता और धर्म परायण की मिसाल : मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



दानशीलता और धर्म नगरी आरंग में दो दिवसीय राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव–2026 का गरिमामय समापन हो गया है। 15 और 16 जनवरी के दो दिवसीय आयोजन में प्रख्यात कवि कुमार विश्वास के हास्य व्यंग्य के बीच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करीब तीन घंटे तक आरंग में रहे। महोत्सव के अंतिम दिन लोरिक चंदा, राजा मोरध्वज की नाट्य प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहा। स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने देर शाम तक समां बांधा। अंतरराष्ट्रीय स्तर के कवियों का पहली बार आरंग में कवि सम्मेलन ने पूरे नगर को उत्सवमय बना दिया। महोत्सव समापन समारोह के मुख्य अतिथि और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब की मांग पर मंच से ही अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। मुख्यमंत्री ने नगर पंचायत समोदा स्थित उपतहसील को पूर्ण तहसील बनाए जाने की घोषणा की, जिससे क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने राजा मोरध्वज महोत्सव के लिए शासकीय अनुदान राशि 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने की घोषणा की। उन्होंने इनडोर स्टेडियम एवं खेल परिसर का नामकरण "राजा मोरध्वज खेल परिसर" किए जाने की भी घोषणा की। इन घोषणाओं के बाद महोत्सव स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा कि राजा मोरध्वज ने दानशीलता और धर्म परायण की जो मिसाल पेश की है, वह अद्वितीय है। आरंग स्थित बाबा बागेश्वरनाथ महादेव की पूजा अर्चना करके वनवास के दौरान भगवान श्रीराम आगे बढ़े। यह सिद्ध पीठ आज भी जन-जन के आस्था का केंद्र है। मुख्यमंत्री ने आरंग को धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से विशिष्ट बताते हुए कहा कि ऐसे महोत्सव नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ते हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे राजा मोरध्वज के आदर्श-त्याग, सत्य और जनसेवा को अपने जीवन में अपनाएँ। अंत में उन्होंने राजा मोरध्वज को नमन करते हुए संयोजक गुरु खुशवंत साहेब और आरंग की जनता को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। आरंग पहुँचते ही मुख्यमंत्री ने बाबा बागेश्वरनाथ मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की और छत्तीसगढ़ की समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

■ कवियों के हास्य व्यंग्य के बीच करीब 3 घंटे रहे मुख्यमंत्री

### छात्रों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती

संरक्षक आनंदराम साहू, अध्यक्ष दूजेराम धीवर और संयोजक महेन्द्र पटेल को मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान देते हुए महोत्सव के संयोजक गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि आरंग में इस महोत्सव का फाउंडेशन इसी संस्था ने रखी है, जो अब भव्य रूप ले चुका है। महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत सुबह 9 बजे माता गायत्री यज्ञ–हवन से हुई। वैदिक मंत्रोच्चार और हवन की पवित्र अग्नि के बीच नगरवासियों ने सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। दोपहर 2 से 5 बजे तक स्कूल एवं कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### कवियों ने श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा

इन कार्यक्रमों का संचालन नवाचारी शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल और अरविंद वैष्णव ने किया। महोत्सव का सबसे प्रतीक्षित क्षण रात साढ़े 10 बजे आया, जब देश के प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास के कवि सम्मेलन से आयोजन का भव्य समापन हुआ। उनके साथ हास्य कवि रोहित शर्मा, श्रृंगार रस की कवियत्री साक्षी तिवारी, हास्य-व्यंग्य के सशक्त कवि दिनेश बावरा तथा वीर रस के कवि विनीत चौहान ने अपनी ओजस्वी, भावपूर्ण और राष्ट्रभाव से भरी कविताओं से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा।

# अधिकारों के लिए लामबंद हुए परियोजना अधिकारी



**धरसींवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत परियोजना अधिकारियों ने अपनी वर्षों पुरानी लंबित मांगों को लेकर अब आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया है। होटल ब्लिस इन में आयोजित परियोजना अधिकारी कल्याण संघ की प्रांतीय बैठक में प्रदेश भर के अधिकारी जुटे, जहाँ वर्तमान स्थिति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के अध्यक्ष श्री जितेंद्र साव ने दो टूक शब्दों में कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं, विशेषकर 'महतारी वंदन योजना' के सफल क्रियान्वयन की मुख्य जिम्मेदारी निभाने वाले अधिकारियों की विभागीय स्तर पर लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि परियोजना अधिकारी जमीनी स्तर पर विभाग के संचालन का मुख्य आधार हैं, लेकिन ग्रेड पे में वृद्धि और पदोन्नति के अवसरों की कमी के कारण यह संवर्ग मानसिक और आर्थिक दबाव महसूस कर रहा है। बैठक के दौरान यह गंभीर मुद्दा उठा कि विभाग में पदोन्नति के अवसर इतने सीमित हैं कि एक अधिकारी को अगली सीढ़ी तक पहुँचने में ही 25 साल से अधिक का समय लग जाता है। इतनी लंबी सेवा अवधि के बावजूद पदोन्नति न मिलना अधिकारियों के मनोबल को तोड़ रहा है।

■ ग्रेड पे और पदोन्नति को लेकर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

### रणनीतिक समितियों का गठन

आगामी कार्ययोजना को साझा करते हुए सचिव सुमीत गंडेचा ने बताया कि संघ इसी माह जनवरी में विभागीय सचिव और मंत्री महोदया से मुलाकात कर अपनी मांगों का मांग पत्र सौंपेगा। यदि फरवरी माह तक शासन की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं होती है, तो संघ उग्र आंदोलन और प्रदर्शन जैसे कड़े कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। इस संबंध में विभिन्न रणनीतिक समितियों का गठन भी किया गया है जो आगामी आंदोलनों का नेतृत्व करेंगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि हालांकि वे प्रशासन के साथ संवाद का विकल्प खुला रख रहे हैं, लेकिन अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरने को भी तैयार हैं। विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# भागवत कथा में कृष्ण बाल लीला और गोवर्धन पूजा के प्रसंग सुन श्रोता हुए भाव विभोर



### गोवर्धन झांकी और छप्पन भोग

कथा के दौरान गोवर्धन पर्वत की भव्य झांकी सजाई गई थी। भगवान को छप्पन भोग (56 प्रकार के व्यंजन) समर्पित किए गए। श्रद्धालुओं ने गिरीराज जी की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना की। मटकी फोड़ लीला कार्यक्रम का सबसे रोमांचक क्षण 'मटकी फोड़' रहा। पंडाल में ऊंचाई पर माखन की मटकी बांधी गई थी, जिसे भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप और उनके सखाओं ने उत्साह के साथ फोड़ा।मटकी फूटते ही पूरा पंडाल /"हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के उद्घोष से गूंज उठा। वर्मा परिवार और ग्राम के युवाओं ने इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**तिल्दा।** नेवरा के समीपस्थ ग्राम छतौद में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन, शुक्रवार को कथा स्थल ब्रजधाम में परिवर्तित हो गया। कथा वाचक महाराज गौरव जोशी ने श्री कृष्ण की बाल लीला, कालिया मर्दन तथा गोवर्धन पूजा का सुंदर सजीव वर्णन किया उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं।

उन्होंने पांचवें दिन की कथा का प्रारंभ भगवान की बाल लीलाओं से करते बताया की भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण अपने बाल सखाओं के साथ गोपियों के घरों से माखन चुराकर खाते थे। जब गोपिकाएं मां यशोदा से शिकायत करने जाती थीं, तो श्रीकृष्ण उनसे कहते थे कि वे मां से शिकायत न करें और अब चोरी नहीं करेंगे कहकर बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। इस प्रसंग को सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि भगवान माखन नहीं, बल्कि गोपियों का मन और उनका अहंकार चुराते थे।

इसके बाद,महराज ने पूतना वध, शकटासुर वध और कालिया मर्दन की कथा सुनाते हुए कहा कि परमात्मा दुष्टों का संहार करने के साथ-साथ अपने भक्तों के प्रेम के वश में होकर माखन की चोरी भी करते हैं। उन्होंने गोवर्धन लीला का भी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र की पूजा न करके गोवर्धन पर्वत की पूजा करने का सुझाव दिया। ब्रजवासियों द्वारा गोवर्धन पूजा करने पर इंद्र क्रोधित हो गए और भारी वर्षा शुरू कर दी, जिससे ब्रज में हाहाकार मच गया।तब भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाकर ब्रजवासियों और ग्वाल-बालों को उसके नीचे आश्रय दिया।

### खोरपा मंडई में मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**अभनपुर।** ग्राम खोरपा में आयोजित मंडई मेला के दौरान हुई मारपीट की घटना में अभनपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपी जशवंत साहू पिता धनसाय साहू उम्र 27 वर्ष, बंटी साहू उर्फ नरेंद्र साहू पिता चिंताराम साहू उम्र 21 वर्ष, मुकेश कश्यप उर्फ पाटिल पिता देवराज कश्यप, उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। मेला में प्रार्थी के साथ गाली-गलौच, जान से मारने की धमकी और मारपीट किए जाने की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(2) एवं 3 (5) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी गीतेश निर्मलकर अपनी बहन खुशी निर्मलकर और दोस्त के साथ मंडई मेला घूमने गया था। ग्राम पंचायत खोरपा के पास झूला झूलने के दौरान बंटी साहू और मुकेश पाटिल का झूला संचालक से विवाद हो रहा था। इसी दौरान दोनों आरोपियों ने खुशी निर्मलकर के साथ धक्का-मुक्की की। घटना का विरोध करने पर आरोपियों ने गीतेश निर्मलकर के साथ गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्का व किसी वस्तु से मारपीट की, जिससे उसे पीठ और गले में चोट आई।

# सड़क पर विवाद युवक को इनोवा से कुचला, 5 गिरफ्तार, 2 अब भी फरार



**अभनपुर।** अभनपुर पुलिस ने सडक़ विवाद मे युवक की इनोवा वाहन से कुचलकर हत्या करने के मामले मे त्वरित कार्रवाई करते 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। वहीं मामले के दो आरोपी चंदन यादव एवं रितेश उर्फ रिंकू साहू फरार हैं जिनकी तलाश जारी है। प्राप्त जानकारी अनुसार केन्द्री में मोनफोर्ट स्कूल के पास 15 जनवरी की दोपहर सडक़ विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पेट्रोल खत्म होने पर एक्टिवा को पैदल ले जा रहे युवक की इनोवा कार से कुचलकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान कैलाश तिवारी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार कैलाश तिवारी अपने दोस्तों के साथ एनएच-30 पर अभनपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान रॉन्ग साइड से आ रही इनोवा कार ने एक्टिवा को पीछे से टक्कर मार दी। इस पर विवाद हुआ और दोनों पक्षों में गाली-गलौच व मारपीट शुरू हो गई। आरोपियों ने अपने साथियों को बुलाकर दोबारा हमला किया। विवाद के दौरान आरोपियों ने हत्या की नीयत से इनोवा वाहन कैलाश तिवारी के ऊपर चढ़ा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथी हेमंत साहू को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू की। विवेचना में पुलिस ने आरोपी डिलेश मंडावी पिता लवकुमार मंडावी उम्र 26 वर्ष, लिलेश उर्फ लालू सेन पिता ईश्वर सेन उम्र 26 वर्ष, चंद्रशेखर साहू उर्फ शेखर पिता शत्रुहन साहू उम्र 28 वर्ष, दुर्गेश साहू पिता गोवर्धन साहू उम्र 29 वर्ष मनीष साहू पिता राजुराम साहू उम्र 28 वर्ष को गिरफ्तार किया।

# भक्त गुहा निषादराज के आदर्शों से ही आएगी सामाजिक समरसता : अनुज

**धरसींवा।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा ने ग्राम तर्रा और गोढ़ी में आयोजित 'भक्त गुहा निषादराज जयंती' समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने समाज को एकजुटता का संदेश देते हुए क्षेत्र के विकास के लिए 30 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 'महतारी सदन' का भूमिपूजन एवं नवनिर्मित सदन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने पर निषाद समाज के प्रमुखों और ग्रामीणों ने विधायक अनुज शर्मा का पारंपरिक बाजे-गाजे और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। विधायक ने भगवान श्रीराम के अनन्य सखा भक्त गुहा निषादराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अनुज शर्मा ने कहा ,भक्त गुहा निषादराज और प्रभु श्रीराम का संबंध अटूट प्रेम और ऊंच-नीच के भेदभाव से परे सामाजिक समरसता का विश्व में सबसे बड़ा उदाहरण है। जिस तरह निषादराज ने प्रभु श्री राम को पूरी श्रद्धा के साथ नदी पार कराई थी, उसी सेवा भाव के साथ मैं भी जनता की समस्याओं को सुलझाने और धरसींवा को प्रगति के शिखर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हूँ।



### दिए विकास कार्यों की सौगात

विधायक ने ग्राम गोढ़ी में नवनिर्मित महतारी सदन का लोकार्पण किया, वहीं ग्राम तर्रा में 30 लाख रुपये की लागत से बनने वाले भव्य महतारी सदन की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि ये सदन हमारी माताओं और बहनों के सशक्तिकरण और सामाजिक आयोजनों का केंद्र बनेंगे। जिला पंचायत सदस्य सविता चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद्रवंशी, रुखमणि वर्मा, शकुंतला ढिलेन्द्र सेन, दिनेश खुटे, प्रमोद निषाद, दयाशंकर निषाद, रामखिलावन लहरी, आशीष वर्मा, लल्लू राम निषाद, श्रवण निषाद, दीपक तिवारी, अनुपम वर्मा, अश्वनी वर्मा, हेमंत वर्मा सहित भारी संख्या में जनप्रतिनिधि और निषाद समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पेज 11 के शेष

### ओपन टॉयलेट में ....

मकान में किराए से रहता है। कमलेश की पत्नी गर्भवती है, जिसका शनिवार को गोद भराई का कार्यक्रम था। इसीलिए साधना अपनी छोटी बहन के यहां आई थी। रिया के नहीं मिलने पर परिजनों ने उसकी पतासाजी की। काफी पतासाजी करने के बाद भी रिया के नहीं मिलने पर उसकी नानी ने रिया के टॉयलेट जाने की जानकारी दी। इसके बाद परिजन रिया की तलाश करते हुए ओपन टॉयलेट में देखने के लिए गए। बच्ची के टॉयलेट के अंदर गिरे होने की जानकारी मिलने पर परिजनों ने टॉयलेट को तोड़कर बच्ची को बाहर निकाल और अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दो घटना में ....

*स्थानीय लोगों की मदद से दो बच्चों को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।*

### डीईओ दफ्तर में ....

शिक्षा विभाग से जुड़े लोगों को जानकारी दी। आनन-फानन में पुलिस तथा फायर ब्रिगेड टीम पहुंची।

**आग लगने से छज्जा भरभराकर गिरा**

पुरानी बिल्डिंग का छज्जा बांस-बल्लियों के सहारे टिका हुआ था। बिल्डिंग में जैसे ही आग भड़की, रिकार्ड रूम में लगा टीन का छज्जा भरभराकर गिर गया। छज्जे में बड़ी-बड़ी कीलें लगी हुई थीं। इस वजह से फायर ब्रिगेड की टीम को अंदर जाने में परेशानी हो रही थी। अंदर घुप्प अंधेरा होने की वजह से फायर ब्रिगेड की टीम को राहत तथा बचाव कार्य करने में काफी दिक्कत हुई।

### 10 हजार से अधिक ....

द्वारा प्रत्येक वर्ष मान्यता नवीनीकरण के लिए आवश्यक कागजात जमा किए जाते हैं। इनमें भवन सहित अध्ययनरत छात्रों की संख्या अन्य जानकारी भी शामिल होती है। निजी विद्यालयों द्वारा इनकी मूलप्रति अपने पास सुरक्षित रखी जाती है, इसलिए अधिक कठिनाई का सामना इसमें नहीं करना पड़ेगा, लेकिन जिला शिक्षा कार्यालय को रिकॉर्ड पूर्व की तरह तैयार करने अतिरिक्त कार्यबल की आवश्यकता होगी। इधर, आग की सूचना मिलते ही सालेम स्कूल में चल रही राष्ट्रीय स्पर्धा में शामिल डीईओ सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। देर रात तक वे यहां डटे रहे। जिला शिक्षा कार्यालय के जिस हिस्से में आगजनी हुई है, उसमें भंडार कक्ष भी शामिल है। लगभग समस्त दस्तावेज यहां रखे जाते हैं। मध्यान्ह भोजन संबंधित दस्तावेज भी जल गए हैं। इनमें स्कूलों को मिडडे मील के अंतर्गत वितरित की गई राशि, बकाया राशि, योजना से लाभान्वित छात्रों की संख्या सहित अन्य जानकारियां थीं। स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में संविदा नियुक्तियां की गई हैं। इन नियुक्तियों सहित संविदा नियुक्ति के दस्तावेज भी जल गए हैं। प्रतिवर्ष मिलने वाले बजट का लेखा-जोखा, भवन निर्माण सहित कागज भी आग के हवाले हो गए हैं। जिला शिक्षा कार्यालय के कुछ हिस्से 50 वर्ष से भी अधिक पुराने हैं। इसके कुछ हिस्सों का पुनर्निर्माण कोरोना के पूर्व किया गया था। कुछ हिस्से ऐसे भी हैं, जिनकी छत अब भी कच्ची ही थी। इस कारण भी आग तेजी से फैली। जिला शिक्षा कार्यालय के पिछले हिस्से में जहां छत खपरैल की थी, वह आग लगते ही गिर गई। इस कारण भी अधिक नुकसान हुआ। पुराने डॉक्यूमेंट को डिजिटल नहीं किया जा सका है। बैकअप ढूंढने अब पूरे कार्यालय को मशक्कत करनी होगी।

### घूम घूमकर उठाईगिरी ....

पुलिस के अनुसार गिरोह में शामिल शातिर बगैर टिकट ट्रेन में यात्रा करते हैं। त्रिची गिरोह के लोग लॉज, धर्मशाला या होटल में रुकने के बजाय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में रुकते हैं। पुलिस के अनुसार उठाईगिरी करने वाले गिरोह का कोई निश्चित टार्गेट नहीं रहता। एक राज्य में उठाईगिरी करने के बाद वह वहां रुकने के बजाय तत्काल शहर छोड़ देते हैं। शातिरों को लगता है कि पुलिस अब उन्हें नहीं पकड़ पाएगी। उसके बाद नए टार्गेट की तलाश में निकलते हैं। पुलिस के अनुसार रायपुर में उठाईगिरी करने के बाद शातिर झारखंड, रांची में उठाईगिरी करने पहुंचे थे। घटना को अंजाम दे पाते, इसके पहले बदमाश दबोचे गए। त्रिची गिरोह के शातिरों ने महाराष्ट्र, उडीसा, राजस्थान एवं दिल्ली में वारदात करने के बाद रायपुर में घटना को अंजाम दिया था। पुलिस को गुमराह करने शातिरों ने चोरी किया गया एक लैपटॉप गरियाबंद क्षेत्र में फेंक दिया था। पुलिस टीम ने सतर्कता दिखाते हुए महज छह घंटे के भीतर उस लैपटॉप को बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप, एक टैबलेट, 25 हजार रुपए नकद, दो सोने के सिक्के और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### किसानों के घर-घर जाकर धान सत्यापन करने की कार्रवाई की कड़ी निंदा

रायपुर। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के घरों में जाकर धान का सत्यापन करने की प्रक्रिया पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने आपत्ति जताई है। राज्य में गिरदावरी, एग्री स्टैक पोर्टल पर पंजीयन और सोसाइटी में टोकन कटने की औपचारिकताओं के बाद भी सरकार के अधिकारी किसानों के घर पहुंचकर धान की जांच कर रहे हैं। यह कार्रवाई किसानों की मेहनत और सम्मान पर सीधा प्रहार है। क्या किसान चोर हो गए हैं? क्या उनकी मेहनत से उगाई गई फसल पर अब शक किया जा रहा है? भाजपा सरकार की यह नीयत किसानों को अपमानित करने और उन्हें संदिग्ध ठहराने की लग रही है। उन्होंने कहा, यदि सरकार के पास समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के लिए पर्याप्त पैसा नहीं है या भ्रष्टाचार रोकने के नाम पर ऐसी अनावश्यक प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं, तो यह किसानों के साथ धोखा है। पिछली कांग्रेस सरकार में धान खरीदी पारदर्शी और किसान-हितैषी रही है, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियां किसानों को परेशान कर रही हैं। ऑनलाइन टोकन सिस्टम में देर, खरीदी केंद्रों पर भीड़ और अब घर-घर सत्यापन जैसी प्रक्रियाएं किसानों का घोर अपमान है।

### पेंशनरों की सुविधा के लिए जीवन प्रमाण शिविर 19 को

रायपुर। जिला प्रशासन ने पेंशनरों की सुविधा एवं हितों को ध्यान में रखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में 19 जनवरी को जीवन प्रमाण (डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट) शिविर कार्यक्रम आयोजित किया है। शिविर के दौरान पेंशनरों के लिए जीवन प्रमाण के साथ-साथ एक संक्षिप्त वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में डिजिटल बैंकिंग, सुरक्षित वित्तीय लेन-देन, साइबर फ्रॉड से बचाव, नामांकन एवं केवाईसी प्रक्रिया, निष्क्रिय बैंक खातों से संबंधित जानकारी, शिकायत निवारण प्रणाली तथा भारतीय रिजर्व बैंक की विभिन्न जनहितकारी पहलों के संबंध में उपयोगी जानकारी दी जाएगी।

## निधन

### किरण शर्मा



रायपुर। प्रोफेसर कॉलोनी, कृषक नगर, जोरा निवासी किरण शर्मा का 17 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 जनवरी को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे ज्योति भट्ट, आलोक शर्मा व अदिति पांडेय की माता थीं।

### हरपाल सिंह भाटिया



रायपुर। देवेंद्र नगर, सेक्टर 3 निवासी हरपाल सिंह भाटिया का 17 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 जनवरी को दोपहर 12 बजे देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# अफसर की मौत के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग, अपडेट होगा विभागाध्यक्ष भवन का अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हार्ट अटैक से अफसर की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग के नवा रायपुर विभागाध्यक्ष भवन में दस बिस्तर का अस्पताल संसाधनों से लैस होगा। विभागाध्यक्ष सहित आसपास के शासकीय कार्यालयों में आने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों की उपचार व्यवस्था के लिए खोला गया अस्पताल सुविधाहीन था। खड़े हुए सवालों के बाद हेल्थ सेंटर को सुविधा से लैस करने के साथ आवश्यक स्टाफ से लैस किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार विभागाध्यक्ष भवन में काफी समय से दस बिस्तर अस्पताल का संचालन किया जाता है। अक्सर यह शिकायत सामने आती रहती थी कि यहां डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टॉफ की उपस्थिति काफी कम संख्या में होती है। इसके अलावा जरूरत होने पर कर्मचारियों को वहां जरूरी दवाएं भी नहीं मिल पातीं। शिकायतों के बीच पिछले दिनों एक अफसर को मंत्रालय जाने के दौरान हार्ट अटैक आ गया। सहकर्मियों ने गंभीर हालत में उन्हें शहर के निजी अस्पताल पहुंचाया, मगर उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। इस घटना के बाद वहां के कर्मचारियों ने स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए दी गई सुविधा पर सवाल उठाया था। घटना के बाद संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने स्वयं विभागाध्यक्ष भवन जाकर वहां मौजूद 10 बिस्तर अस्पताल का निरीक्षण किया था। वहां मिली बेहद कमियों पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की थी। उनके द्वारा जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इस 10 बिस्तर अस्पताल में जरूरी सुधार के निर्देश दिए थे।

## नवा रायपुर में मौजूद है 10 बिस्तर हास्पिटल, पूरी हो रही थी औपचारिकता




### चिकित्सकीय स्टाफ की बढ़ाई जाएगी संख्या

अफसरों से मिली फटकार के बाद विभागीय टीम सक्रिय हुई और इस अस्पताल को अपडेट करने का काम शुरू कर दिया गया है। शनिवार को जिला अस्पताल और स्वास्थ्य कार्यालय के कर्मचारियों ने वहां जाकर कमियों को दूर किया। आने वाले दिनों में वहां डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ की संख्या बढ़ाई जाएगी। कर्मचारी संगठनों ने घटना के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी, कार्यरत कर्मचारियों के लिए जीवन रक्षक सुसज्जजित अस्पताल की व्यवस्था न कर सके, प्रति माह नहीं तो कम से कम 6 माह में एक बार कार्यस्थल पर स्वास्थ्य जांच का कैंप लगाया जाए।

# तात्यापारा से शंकर नगर तक जगह जगह जाम, दौड़ती नहीं, रेंगती गाड़ियां

## पैदल चलना भारी मुश्किल, ट्रैफिक जाम से पब्लिक त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ तेलीबांधा चौक से मैग्नटो मॉल तक दिनभर जाम की स्थिति

स्मार्ट सिटी से मेट्रो सिटी में तब्दील होने जा रही राजधानी रायपुर की ट्रैफिक व्यवस्था लोगों के लिए सिरदर्द साबित हो रही है। तात्यापारा से शंकर नगर मार्ग पर आए दिन ट्रैफिक जाम लगने से लोग हलाकान हैं। इस मार्ग में गाड़ियां फर्राटे भरने की जगह रेंगती नजर आती हैं। शनिवार को भी कमोबेश यही स्थिति बनी रही जब तेलीबांधा से मैग्नटो मॉल तक आने-जाने वाली गाड़ियों की लाइन लग गई। दोपहिया चालक किसी तरह गंतव्य तक पहुंचे। पैदल चलने वालों के लिए पैर रखने तक की जगह नहीं दिखी। जहां लोग 8 से 10 मिनट में अपने गंतव्य तक पहुंचने की मंशा रखकर चल रहे थे, वहां उन्हें आधे से पौन घंटा गंतव्य तक पहुंचने में लग गया। ऊपर से गाड़ियों की चिल्लपों से उन्हें परेशानी हुई सो अलग।

राज्य शासन, जिला प्रशासन, नगर निगम और ट्रैफिक विभाग शहर को मेट्रो की तर्ज पर विकसित करने नई योजना बनाने जुटे हैं। करोड़ों का प्लान कागज पर हमेशा की तरह इस बार भी दौड़ रहा है, पर पिछले दो दशक से राजधानीवासियों को सुगम आवागमन और पब्लिक ट्रांसपोर्ट जैसी मूलभूत सुविधा नहीं मिल पाई है। तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण की योजना हर बार चर्चा में रही, पर धरातल पर इस दिशा में रत्तीभर काम नहीं हो पाया है। इस बार भी रायपुर शहर विकास के ब्लू प्रिंट में तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का जिक्र आया है। इसी तरह जयस्तंभ चौक से शास्त्री चौक, तेलीबांधा मुख्य मार्ग होते शंकर नगर मार्ग तक जगह-जगह जाम लगने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस उपाय अब तक नहीं उठाया जा सका।



### जयस्तंभ चौक जहां पैदल चलना मुश्किल

शहर के हृदयस्थल कहे जाने वाले जयस्तंभ चौक से आना-जाना पड़े, तो ट्रैफिक जाम से फंसने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता। इसकी एक वजह बंजारी चौक गोलबाजार में बेधड़क मालवाहक की एंट्री है। इसी तरह शास्त्री बाजार से बांसटाल रोड पर फल बाजार, बर्तन मार्केट से कारों की एंट्री की मनाही नहीं किए जाने से जाम लगना स्वाभाविक है। तेलीबांधा इलाके में भी ट्रैफिक जाम में अक्सर लोगों को फंसना पड़ता है। मरीन ड्राइव से लेकर वीआईपी चौक तक यातायात का दबाव ज्यादा रहता है।

# आरडीए ने कौशल्या माता विहार में अवैध निर्माण हटाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण की कौशल्या माता विहार योजना में सेक्टर 11 ए क्षेत्र में करीब 1500 वर्गफीट जमीन पर अवैध पक्का निर्माण और सेक्टर 15 ए में 10 अवैध झुग्गी झोपड़ी को प्राधिकरण के अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम ने जिला प्रशासन और पुलिस बल के सहयोग से हटाने की कार्रवाई की। गुरुवार को प्राधिकरण की टीम ने जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण हटाकर प्राधिकरण की जमीन को कब्जा मुक्त कराया। शनिवार को रायपुर विकास प्राधिकरण के कौशिल्या विहार योजना अंतर्गत सेक्टर 11 क्षेत्र में 1500 वर्गफीट जमीन पर किए गए अवैध निर्माण को प्राधिकरण की टीम ने जिला प्रशासन और पुलिस बल की उपस्थिति में हटाया। इसी तरह सेक्टर 15 ए में 10 अवैध झुग्गी को जेसीबी मशीन से हटाने अभियान चलाया।

### आधारकार्ड सुधार के लिए डाक विभाग ने लगाया शिविर

रायपुर। डाक विभाग के रायपुर संभाग द्वारा शनिवार को आधार शिविर आंगनबाड़ी केंद्र बंधवापारा रायपुर, ग्राम पंचायत धनगांव (सरसों) और गैलेक्सी स्कूल मगरलोड में लगाया गया। यह जानकारी डाकघर के रायपुर संभाग के प्रवर अधीक्षक ने देते हुए बताया कि डाकघर में आधारकार्ड सुधारने (नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर अपडेट) और नया आधार बनवाने के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं, ताकि लोगों को दूर न जाना पड़े और यह सुविधा उनके नजदीकी डाकघर में ही मिल सके, जिसमें अक्सर शनिवार को या समय-समय पर अभियान चलाए जाते हैं। इन शिविरों में बायोमेट्रिक अपडेट (फिंगरप्रिंट, आइरिस) और फोटो अपडेट जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं और कई जगहों पर बच्चों के लिए बायोमेट्रिक अपडेट मुफ्त है। शिविर में व्यक्तियों और बच्चों के लिए विशेष अवसर प्रदान करेगा, जिन्हें आधारकार्ड में नई जानकारी जोड़ने सुधार कराने, पहली बार नामांकन में कठिनाई हो रही है।

# अफगानिस्तानी विक्षोभ तीन दिन बढ़ाएगा टेंप्रेचर इससे पहले कई इलाकों में चली शीतलहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ इस बार आउटर में कड़ाके की ठंड शहर में भी कांप रहे लोग

अफगानिस्तान और उससे लगे पाकिस्तान में बने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले तीन दिन रात के तापमान में तीन डिग्री तक बढ़ोतरी के आसार बन रहे हैं।

इसके पहले रायपुर और दुर्ग के आउटर सहित सरगुजा संभाग में शीतलहर का प्रकोप रहा। इस बार आउटर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। साथ ही शहर में सुबह-सुबह कंपा देने वाली ठंड असर दिखा रही है। धीमे-धीमे दिन की लंबाई में होने वाली वृद्धि के साथ ठंड का असर भी कम होने की संभावना है।

जनवरी का पहला पखवाड़ा जोरदार ठंड के साथ बीता है, दूसरे पखवाड़े में सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ की वजह से अगले तीन दिनों से रात के तापमान में एक से तीन डिग्री तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके अलावा लगातार आने वाले दो नए पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव से 26 जनवरी तक तापमान में विशेष गिरावट होने की संभावना नहीं। इधर सूर्य की दिशा उत्तर होने की वजह से दिन की लंबाई बढ़ने लगी है।

### नहीं टूटा रिकार्ड

ठंड के इस सीजन में मैनपाट, बलरामपुर समेत सरगुजा संभाग के कई शहरों में शून्य डिग्री का तापमान होने की वजह से सुबह पाला जमता रहा। रायपुर समेत मध्य इलाके में कड़ाके की ठंड पड़ती रही मगर इस बार शहर में न्यूनतम तापमान दस डिग्री से नीचे नहीं जा पाया। मौसम विभाग के रिकार्ड के अनुसार वर्ष 2019 में एक जनवरी को न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। माना इलाके में इस सीजन जैसा हुआ उस तरह की स्थिति पिछले पंद्रह सालों में नहीं बन पाई थी।

# छठवीं पास ने दो दर्जन लोगों को क्रिप्टो, शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर ठग लिया सवा करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

क्रिप्टो करेंस, शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा का झांसा देकर एक करोड़ 35 लाख रुपए की ठगी करने के आरोपी को पंडरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ टिकरापारा थाना में ठगी का अपराध दर्ज है। जालसाज ने 26 अलग-अलग लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। ठगी के आरोप में पुलिस ने देवपुरी निवासी कुलदीप भतपहरी को गिरफ्तार किया है। कुलदीप के खिलाफ अमित दास ने इसी महीने पंडरी थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। अमित ने पुलिस को बताया कि कुलदीप के साथ वर्ष 2021-22 उसकी पहचान हुई थी। तब कुलदीप ने अमित को अपना परिचय शेयर मार्केट, आईपीओ, एनएसई सहित अन्य वित्तीय लेन-देन के साथ क्रिप्टो करेंसी निवेश का एडवाइजर होना बताया था। इसी तरह से कुलदीप ने अपने आसपास के लोगों को अपना परिचय वित्तीय लेन देन का सलाहकार होने का झांसा देकर उन लोगों को मुनाफा दिलाने का झांसा देकर भारी रकम निवेश कराया।



### महज छठवीं पास है जालसाज

पुलिस के अनुसार कुलदीप ने महज छठवीं तक पढ़ाई की है। उसने सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से वित्तीय लेन-देन तथा निवेश के बारे में जानकारी हासिल की। कुलदीप लोगों को झांसा देने ब्याज तथा मुनाफा की राशि भी देता था। इसके कारण लोग कुलदीप के झांसे में आकर ठगी का शिकार होते गए।

## पेज 11 के शेष ...

### ओपन टॉयलेट में ....

मकान में किराए से रहता है। कमलेश की पत्नी गर्भवती है, जिसका शनिवार को गोद भराई का कार्यक्रम था। इसीलिए साधना अपनी छोटी बहन के यहां आई थी।

### परिजनों को एक ....

जानकारी मिलने पर परिजनों ने टॉयलेट को तोड़कर बच्ची को बाहर निकाल और अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दो घटना में ....

स्थानीय लोगों की मदद से दो बच्चों को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।

### डीईओ दफ्तर में ....

शिक्षा विभाग से जुड़े लोगों को जानकारी दी। आनन-फानन में पुलिस तथा फायर ब्रिगेड टीम पहुंची। ***आग लगने से छज्जा भरभराकर गिरा:*** पुरानी बिल्डिंग का छज्जा बांस-बल्लियों के सहारे टिका हुआ था। बिल्डिंग में जैसे ही आग भड़की, रिकार्ड रूम में लगा टीन का छज्जा भरभराकर गिर गया। छज्जे में बड़ी-बड़ी कीलें लगी हुई थीं। इस वजह से फायर ब्रिगेड की टीम को अंदर जाने में परेशानी हो रही थी। अंदर घुप्प अंधेरा होने की वजह से फायर ब्रिगेड की टीम को राहत तथा बचाव कार्य करने में काफी दिक्कत हुई।

### 10 हजार से अधिक ....

द्वारा प्रत्येक वर्ष मान्यता नवीनीकरण के लिए आवश्यक कागजात जमा किए जाते हैं। इनमें भवन सहित अध्ययनरत छात्रों की संख्या अन्य जानकारी भी शामिल होती है। निजी विद्यालयों द्वारा इनकी मूलप्रति अपने पास सुरक्षित रखी जाती है, इसलिए अधिक कठिनाई का सामना इसमें नहीं करना पड़ेगा, लेकिन जिला शिक्षा कार्यालय को रिकॉर्ड पूर्व की तरह तैयार करने अतिरिक्त कार्यबल की आवश्यकता होगी। इधर, आग की सूचना मिलते ही सालेम स्कूल में चल रही राष्ट्रीय स्पर्धा में शामिल डीईओ सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। देर रात तक वे यहां डटे रहे। ***छात्रों के भोजन, आत्मानंद नियुक्ति के दस्तावेज भी जले :*** जिला शिक्षा कार्यालय के जिस हिस्से में आगजनी हुई है, उसमें भंडार कक्ष भी शामिल है। लगभग समस्त दस्तावेज यहां रखे जाते हैं। मध्यान्ह भोजन संबंधित दस्तावेज भी जल गए हैं। इनमें स्कूलों को मिडडे मील के अंतर्गत वितरित की गई राशि, बकाया राशि, योजना से लाभान्वित छात्रों की संख्या सहित अन्य जानकारियां थीं। स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में संविदा नियुक्तियां की गई हैं। इन नियुक्तियों सहित संविदा नियुक्ति के दस्तावेज भी जल गए हैं। प्रतिवर्ष मिलने वाले बजट का लेखा-जोखा, भवन निर्माण सहित कागज भी आग के हवाले हो गए हैं।

***कच्ची थी छत :*** जिला शिक्षा कार्यालय के कुछ हिस्से 50 वर्ष से भी अधिक पुराने हैं। इसके कुछ हिस्सों का पुनर्निर्माण कोरोना के पूर्व किया गया था। कुछ हिस्से ऐसे भी हैं, जिनकी छत अब भी कच्ची ही थी। इस कारण भी आग तेजी से फैली। जिला शिक्षा कार्यालय के पिछले हिस्से में जहां छत खपरैल की थी, वह आग लगते ही गिर गई। इस कारण भी अधिक नुकसान हुआ। पुराने डॉक्यूमेंट को डिजिटल नहीं किया जा सका है। बैकअप ढूंढने अब पूरे कार्यालय को मशक्कत करनी होगी।

### घूम घूमकर उठाईगिरी ...

पुलिस के अनुसार गिरोह में शामिल शातिर बगैर टिकट ट्रेन में यात्रा करते हैं। त्रिची गिरोह के लोग लॉज, धर्मशाला या होटल में रुकने के बजाय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में रुकते हैं। ***इन राज्यों में उठाईगिरी करने के बाद पहुंचे थे :*** पुलिस के अनुसार उठाईगिरी करने वाले गिरोह का कोई निश्चित टार्गेट नहीं रहता। एक राज्य में उठाईगिरी करने के बाद वह वहां रुकने के बजाय तत्काल शहर छोड़ देते हैं। शातिरों को लगता है कि पुलिस अब उन्हें नहीं पकड़ पाएगी। उसके बाद नए टार्गेट की तलाश में निकलते हैं। पुलिस के अनुसार रायपुर में उठाईगिरी करने के बाद शातिर झारखंड, रांची में उठाईगिरी करने पहुंचे थे। घटना को अंजाम दे पाते, इसके पहले बदमाश दबोचे गए। त्रिची गिरोह के शातिरों ने महाराष्ट्र, उडीसा, राजस्थान एवं दिल्ली में वारदात करने के बाद रायपुर में घटना को अंजाम दिया था।

***पुलिस को गुमराह करने यहां फेंका लैपटॉप :*** पुलिस को गुमराह करने शातिरों ने चोरी किया गया एक लैपटॉप गरियाबंद क्षेत्र में फेंक दिया था। पुलिस टीम ने सतर्कता दिखाते हुए महज छह घंटे के भीतर उस लैपटॉप को बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप, एक टैबलेट, 25 हजार रुपए नकद, दो सोने के सिक्के और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्लिपडिस्क > सियाटिका > मोटापा > शरीर में जकड़न
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

A VENUE THAT FEEDS Dreams and Delights to Your Guests
22 Rooms Fully Loaded with Modern Amenities
Deluxe Rooms - 11
Executive Balcony - 11
A PLACE THAT Compliments Your Events!
In-House Catering
In-House Decor
Pure Veg Restaurant
Banquet Hall Cap : 50 - 250 Person
Ample Number of Car Parking Space
SHREEJI INN HOTEL Restaurant-Banquet Hall
WE ORAGANISE : Marriage Functions, Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444
Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

उज्जवल इंटरप्राइजेस प्लाईवुड एंड इंटीरियर
मॉड्यूलर किचन
डोर एवं चौखट
asianpaints
हार्डवेयर टिम्बर
पता: स्टार नर्सरी के सामने, पुराना धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.), मो.: 7415799000


।। ऊँ नमः शिवाय ।।
नित्यं शुद्धं निराकारं निरालम्बं निरंजनम् ।
नित्यं मुक्तं महादेवं भजामि शरणं शिवम्।।
''बोल कालिया''
नव-दिवसीय संगीतमय
श्री शिव महापुराण कथा
माघ गुप्तनवरात्र, दिनांक 19 से 27 जनवरी 2026 तक
भव्य कलश यात्रा
19 जनवरी 2026
महा भण्डारा
27 जनवरी 2026
कथा समय - दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक
कथा पश्चात प्रतिदिन भण्डारा
कथा स्थल
ग्राम-खिलोरा, सेजबहार, पुराना धमतरी रोड
जिला - रायपुर (छ.ग.)
राष्ट्रीय कथा वाचक
छत्तीसगढ़ के गौरव एवं माटीपुत्र
पूज्य पं. श्री युवराज पाण्डेय जी
श्री जगन्नाथ मंदिर, अमलीपदर, देवभोग, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)
विनीत
श्रीमती पुष्पादेवी अग्रवाल
गंगाधर अग्रवाल
निवास - सिग्नेचर होम, मैग्नेटो मॉल के पास,
वी.आई.पी. रोड, रायपुर (छ.ग.)
Hindustan
GROUP
संपर्क - 9522269255, 8889556666
समस्त प्रदेशवासी सादर आमंत्रित हैं।

## खबर संक्षेप



### दिव्यांग बच्चों के लिए दी बीपी शुगर टेस्टिंग मशीन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित प्री-प्रायमरी विशेष स्कूल में शनिवार को जैन संवेदना ट्रस्ट ने दिव्यांग बच्चों का उत्साहवर्धन करने मुलाकात की। इसी दौरान जैन संवेदना ट्रस्ट की ओर से इन बच्चों की जांच के लिए बीपी शुगर टेस्टिंग मशीन स्कूल को प्रदान की। इस अवसर पर महेंद्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बच्चों के पालकों की सराहना की, क्योंकि दिव्यांग बच्चे पालकों की मेहनत लगन धैर्य से ही जीवन में विकास कर सकते हैं और समाज की मुख्यधारा में जुड़ सकते हैं। जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा मूक पशु पक्षियों की सेवा, मानव सेवा के अंतर्गत श्रवण यंत्र, कृत्रिम हाथ, कैलिपर्स, वैशाखी, बीपी नापने की मशीन, शुगर टेस्टिंग मशीन का निशुल्क वितरण तथा मानव कल्याण में साधर्मिक भाई बहनों के स्वावलंबी जीवन, व्यवसायिक उत्थान व विवाह योजना पर लगातार कार्य किए जाते हैं।

### जरवाय में 9 करोड़ की लागत से अमृत उद्यान

**रायपुर।** रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने अधिकारियों के साथ शनिवार को जरवाय क्षेत्र का निरीक्षण किया। अमृत मिशन के तहत वहां खाली पड़ी 10 एकड़ शासकीय भूमि पर 9 करोड़ की लागत से उद्यान बनेगा। इससे हीरापुर, जरवाय, अटारी क्षेत्र के रहवासियों को सर्व सुविधा युक्त गार्डन की सुविधा मिलेगी।

### छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के आव्हान पर 33 जिलों में एक साथ प्रदर्शन

# सहायक शिक्षकों की सामूहिक हड़ताल, पढ़ाई लिखाई ठप, 4 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेशभर के सहायक शिक्षकों ने अपनी 4 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को राजधानी के नवा रायपुर स्थित तूता धरना स्थल सहित प्रदेश के 33 जिलों में हड़ताली शिक्षकों ने एक दिवसीय सामूहिक हड़ताल कर पढ़ाई-लिखाई का कार्य ठप रखा। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक-समग्र शिक्षक फेडरेशन के आव्हान पर सहायक शिक्षकों ने मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर सभी शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान देने, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणनकर एलबी शिक्षकों को सभी लाभ प्रदान करने, टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की।

नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर रायपुर जिलों 4 संभागों के सहायक शिक्षकों ने लंबित मांगों को लेकर जमकर हल्ला बोला। आंदोलन करने जुटे सहायक शिक्षकों ने शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति स्वयं के मोबाइल में करने और वीएसके की अनिवार्यता समाप्त करने प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश संयोजक मनीष मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र कुमार राठौर ने हरिभूमि को संयुक्त रूप से बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में सहायक शिक्षकों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति देकर वेतन विसंगति दूर करने सहित अन्य मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। हड़ताल में बड़ी संख्या में महिला सहायक शिक्षकों की भी सहभागिता रही। सिर पर सफेद रंग की टोपी पहने और उसमें मांगों से संबंधित स्लोगन दर्शाते हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी की गई।

**वेतन विसंगति दूर कर सभी शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करने सहित अन्य मांग**

फेडरेशन ने यह स्पष्ट किया है कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वर्षो से लंबित समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए, किन्तु अब तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं होने से शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी के चलते प्रदेशव्यापी आंदोलन सभी जिलों में एक साथ किया गया। फेडरेशन के प्रदेश सचिव राजू टंडन ने कहा कि सहायक शिक्षक वर्षो से शासन की उपेक्षा का शिकार रहे हैं। यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष लखेश्वर वर्मा, जिला संरक्षक ओपी वर्मा, जिला सचिव महेन्द्र साहू, शिवपूजन सिंह कुशवाहा, कैलाश बघेल, मनोज साहू, धर्मदास टंडन, चंद्रकांत कन्नौजिया सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## चरोदा भिलाई से आंबेडकर चौक के लिए शिक्षक भर्ती साझा मंच ने निकाली पदयात्रा, पुलिस ने जंजगिरी के पास रोका

**रायपुर।** शिक्षक भर्ती साझा मंच के संयुक्त तत्वावधान में 57,000 शिक्षक पदों पर अविलंब भर्ती की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने शनिवार को चरोदा भिलाई से रायपुर के आंबेडकर चौक तक जाने पदयात्रा निकाली। साझा मंच, प्रांतीय समिति द्वारा निकाल गई इस रैली में नारेबाजी करते राजधानी रायपुर के लिए निकली, पर प्रदर्शनकारियों को जंजगिरी के पास पुलिस ने आगे बढ़ने से रोक दिया। वहां प्रदर्शनिकारियों की पुलिस के साथ झड़प भी हुई। पुलिस द्वारा रोक लिए जाने पर बीएड अभ्यर्थियों द्वारा भाजपा सरकार का घोषणा पत्र जलाया गया। बाद में रैली में शामिल अभ्यर्थियों ने 7 सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम को सौंपा।

विदित हो, राज्य रिक्त 57 हजार शिक्षकों के पदों को भरने की मांग जोर-शोर से उठ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में पूर्व छत्तीसगढ़ भाजपा के द्वारा मोदी की गारंटी के नाम पर 2 वर्ष में 57,000 शिक्षक भर्ती की घोषणा हुई तथा पूर्व शिक्षा मंत्री ने अपने चुनावी घोषणा पत्र 2023-2024 में 33 हजार रिक्त पदों पर शिक्षक भर्ती करने का वादा किया था। लेकिन इस वादे पर अमल नहीं हो पाया है। इससे बीएड, डीएड अभ्यर्थी नाराज हैं।




**प्रमुख मांग इस तरह**

- सभी विषयों को शामिल कर 57 हजार पदों पर तत्काल शिक्षक भर्ती की जाए।
- भर्ती का नोटिफिकेशन इसी वित्तीय वर्ष में किया जाए।
- 10,463 सरकारी स्कूलों को मर्ज करने की नीति वापस ली जाए।
- व्यायाम शिक्षक की भर्ती प्राथमिक और हाई स्कूल दोनों स्तर पर की जाए।
- व्यायाम व कला शिक्षक प्रत्येक स्कूल में अनिवार्य हो।
- कला संकाय व्याख्याता में 14 साल से भर्ती नहीं की गई है इसलिए इसमें हिन्दी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, इतिहास भूगोल, अर्थशास्त्र विषयों को भर्ती में शामिल किया जाए।
- युक्तियुक्तकरण की नीति वापस लेने की मांग।

## डीएड अभ्यर्थियों का अनशन तबीयत खराब, एंबुलेंस नहीं मिली छोटा हाथी में ले गए अभनपुर

**रायपुर।** हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी सहायक शिक्षकों के 2300 पदों पर भर्ती नहीं होने से नाराज प्रदेश भर के डीएड अभ्यर्थी कड़कड़ाती ठंड में नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर आमरण अनशन कर रहे हैं। शनिवार को स्वास्थ्य बिगड़ने पर अनशन पर बैठे अभ्यर्थी को इलाज के लिए अभनपुर ले जाने उनके साथियों ने एंबुलेंस बुलाई, पर एंबुलेंस नही मिलने पर उन्हें छोटा हाथी से अभनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। डीएड अभ्यर्थियों का आमरण अनशन शनिवार को 25 वें दिन भी जारी रहा। अब तक 13 अभ्यर्थियों की तबियत खराब होने पर अभनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जिसमें कांकेर की योगेश्वरी, जांजगीर चांपा की पूनम साहू, सरगुजा से आए डीएड अभ्यर्थी मानवेन्द्र, बलौदाबाजार के वेदप्रकाश, राजनांदगांव के शत्रुहन राणा, कोंडागांव की संगीता नाग, दुर्ग की त्रिशला, रायगढ़ की गुलापी राठिया, महासमुंद के यशोदा देवांगन, रायपुर की रूखमणि यादव, बेमेतरा की यमुना साहू, खैरागढ़ की सुधा वर्मा शामिल हैं।

**■ 24 दिसंबर से नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर आमरण अनशन**

## बिजनेस साइट

### बैंक ऑफ बड़ौदा को आईबीए के 21वें बैंकिंग प्रौद्योगिकी पुरस्कार में पांच सम्मान




**रायपुर।** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में शामिल बैंक ऑफ बड़ौदा ने इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) के 21वें वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी पुरस्कार 2024-25 में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। बैंक को प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बड़े बैंकों की श्रेणी में कुल पांच पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा ने चार श्रेणियों - सर्वश्रेष्ठ एआई एवं एमएल अपनाना, सर्वश्रेष्ठ फिनटेक और डीपीआई अपनाना, सर्वश्रेष्ठ आईटी जोखिम प्रबंधन तथा सर्वश्रेष्ठ तकनीकी प्रतिभा में विजेता का खिताब जीता। इसके साथ ही, बैंक को 'सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी बैंक' श्रेणी में विशेष उल्लेखनीय पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. देबदत्त चांद ने कहा कि यह सम्मान बैंक की नवाचार आधारित सोच, मजबूत जोखिम प्रबंधन प्रणाली और सशक्त तकनीकी टीम का प्रमाण है।

### हैंडलूम हैंडीक्रॉफ्ट एक्सपो को मिल रहा शानदार रिस्पांस

**रायपुर।** भारतीय पारंपरिक कला और संस्कृति को सहेजने के उद्देश्य से आयोजित हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपो को शहरवासियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। यह प्रदर्शनी ओपन ग्राउंड, ऑफिसर्स कॉलोनी के सामने, साईं नगर, देवेंद्र नगर में सीमित अवधि के लिए लगाई गई है। देश के विभिन्न राज्यों से आए कारीगरों ने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों के माध्यम से भारतीय विरासत की झलक प्रस्तुत की है। एक्सपो में बनारसी और बंगाल की साड़ियाँ, कश्मीरी सूट, भागलपुरी व खादी वस्त्र, लखनऊ की चिकनकारी, पंजाबी फुलकारी, कोसा ड्रेस, राजस्थानी परिधान, जूट उत्पाद, लेदर बैग, आर्टिफिशियल ज्वेलरी तथा गृह सज्जा की आकर्षक सामग्री उपलब्ध है। महिलाओं के लिए लेहंगा-चोली, कुर्तियां और कॉटन सूट भी खास आकर्षण बने हुए हैं। ग्राहकों को 20 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है, जिससे खरीदारी का उत्साह बढ़ा है। यह एक्सपो कारीगरों और खरीदारों को सीधे जोड़ने का सशक्त माध्यम बन रहा है।



### अविनाश मैग्नेटो मॉल में आज सुपर संडे सेल फ्लैट 50% तक की बंपर छूट

**रायपुर।** शहर के प्रमुख शॉपिंग डेस्टिनेशन अविनाश मैग्नेटो मॉल में आज एक दिन की सुपर संडे सेल का आयोजन किया जा रहा है। इस सेल के तहत ग्राहकों को फैशन, लाइफस्टाइल, फुटवियर, एसेसरीज, ब्यूटी और अन्य श्रेणियों में फ्लैट 50 प्रतिशत तक की बंपर छूट दी जा रही है। मॉल में मौजूद लगभग सभी प्रमुख ब्रांड इस विशेष ऑफर का हिस्सा हैं। मॉल प्रबंधन के अनुसार, सुपर संडे सेल का उद्देश्य शहरवासियों को ब्रांडेड शॉपिंग किफायती दामों पर उपलब्ध कराना है। सीमित अवधि की इस सेल को लेकर सुबह से ही मॉल में ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। परिवारों और युवाओं में इस ऑफर को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। प्रबंधन ने बताया कि छूट के साथ-साथ सुरक्षा, पार्किंग और सुविधाओं के विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि ग्राहकों को आरामदायक शॉपिंग अनुभव मिल सके। यह सेल केवल आज के लिए मान्य है। शाम तक ऑफर्स का लाभ उठाया जा सकेगा।



### अमर सुपर मार्ट में डबल धमाका ऑफर, 26 जनवरी को आनंद मेला महोत्सव का आयोजन

**रायपुर।** सड्डू, अंबुजा मॉल के पास स्थित अमर सुपर मार्ट अपने ग्राहकों के लिए खास डबल धमाका ऑफर लेकर आया है। अमर सुपर मार्ट के संचालक पृथ्वीपाल भटनागर एवं नितिन भटनागर ने बताया कि 1 जनवरी से 26 जनवरी तक ग्राहकों को खरीदारी पर 5% से 15% तक का विशेष डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसके साथ ही 6000 रुपए की खरीदारी पर कूपन एवं 5 टिकटों का एक सेट तथा 12,000 रुपए की खरीदी पर आनंद मेले के 2 टिकट सेट प्रदान किए जा रहे हैं, जिसके माध्यम से ग्राहक 26 जनवरी को होने वाले लकी ड्रॉ में शामिल हो सकते हैं। 26 जनवरी को अमर सुपर मार्ट में आनंद मेला महोत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें ग्राहकों को आकर्षक उपहार दिए जाएंगे। लकी ड्रॉ का पहला पुरस्कार वॉशिंग मशीन रखा गया है। इस अवसर पर सभी ग्राहकों को फ्री गिफ्ट, बच्चों के लिए गेम्स, हाउजी तथा नामी कंपनियों द्वारा फ्री सैंपलिंग भी दी जाएगी। ग्राहकों की सुविधा हेतु फ्री पार्किंग की व्यवस्था की गई है।




## फिजूलखर्ची बचाने साहू समाज का निर्णय प्री वेडिंग शूट को पूर्ण रूप से करेंगे बंद



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ ने शादी से पहले दूल्हा और दुल्हन के होने वाले फोटोशूट (प्री-वेडिंग शूट) को फिजूल खर्च मानते हुए इसे पूर्ण रूप से बंद कराने का निर्णय लिया है। यह निर्णय एक प्रकार से प्री-वेडिंग शूट का बहिष्कार भी है, क्योंकि इसके कारण शादी जैसे पवित्र बंधन के दौरान समाज की मूल संस्कृति व परंपराओं को भी युवा पीढ़ी भूलने लगे है।

प्री-वेडिंग शूट को बंद कराने से न केवल फिजूल खर्च नहीं होगा, बल्कि समाज की परंपराओं को युवा के साथ भविष्य की पीढ़ी भी अपनाएगी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू की अध्यक्षता में संघ की बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेशभर के जिलाध्यों को बुलाया गया था। प्रदेश संयुक्त सचिव प्रदीप साहू ने बताया की बैठक में समाज की वर्तमान स्थिति, संस्कारों के क्षरण और दिखावे की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीर मंथन किया गया। गहन विचार-विमर्श के उपरांत समाजहित में ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि साहू समाज में प्री-वेडिंग शूट को पूर्णतः बंद किया जाएगा। यह निर्णय समाज में बढ़ते फिजूलखर्ची, दिखावे और संस्कारहीन परंपराओं पर सीधा प्रहार को देखते हुए लिया है। प्रदीप साहू ने बताया कि समाज सदैव सादगी, संस्कार और सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा है, और इस निर्णय के माध्यम से समाज को पुनः अपनी मूल संस्कृति की ओर लौटाने का संकल्प लिया गया है। इसके साथ ही समाज परिवार संस्कार विकाश अंतर्जातीय विवाह को रोकने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में इस पर भी चर्चा हुई कि समाज में बड़ी संख्या में तलाक हो रहे हैं। इसे रोकने के लिए पारिवारिक काउंसलिंग कराए जाने का निर्णय भी लिया है।

## विजय शर्मा जिला पंचायत पहुंचे, कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा शनिवार को जिला पंचायत रायपुर कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने जिला पंचायत के विभिन्न कक्षों का अवलोकन करते हुए व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिला पंचायत अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने जिला पंचायत सदस्यों की मांग पर जिला पंचायत सभाभवन के नवीनीकरण के लिए 25 लाख रुपये की घोषणा की। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने वार्डवार विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।






## डॉ. त्रिपाठी को अभ्युदय प्रतिभा समागम सम्मान



**रायपुर।** शोध एवं संदर्भ की मासिक पत्रिका समागम के रजत जयंती समारोह में मीडिया शिक्षाविद डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी को अभ्युदय प्रतिभा समागम सम्मान 2024-25 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान दुष्यंत संग्रहालय भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार गिरिजा शंकर, सुधीर सक्सेना, पूर्व आईपीएस अनुराधा शंकर सिंह, समागम के संपादक मनोज कुमार, पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया, भोपाल चैप्टर के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान डॉ. त्रिपाठी को कम्युनिटी रेडियो के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया है।







